* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

12 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 323


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

सोनाली हत्याकांड पर सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत : सरकार को 23 तक सीबीआइ जांच का आदेश देने का अल्टीमेटम




**BIOME**

Leading Institute for Pre-Medical Exam.

A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान


**BIOME सिर्फ Medical Preparation का ऐसा संस्थान जो देता है Rank के साथ Selection Ratio पर भी ध्यान**

BIOME NEET VICTORY CELEBRATION 2022




## 25 OUT OF 27 SELECTIONS FROM RANKER'S BATCH


695/720 — 29 OBC — ASHISH


687/720 — 279 GEN — MOTI


680/720 — 500 GEN — PRACHI


680/720 — 508 GEN — RAJ SINGH


677/720 — 245 OBC — ANGAD BHAGAT


670/720 — 460 OBC — ARYAMAN

**Best and Highest No. of Selections in NEET - 2022 from Single Center in Jharkhand**

474 EWS SHIVAM; 710 OBC VENU; 790 ST ADITYANAND; 1138 OBC VISHNU; 1149 OBC JYOTI; 1182 GEN MONU; 1183 GEN RAUSHAN; 1639 EWS HITESH; 1964 OBC SHIVAM; 2075 ST BADAL

2357 EWS PRAKRITI; 2646 OBC RAHUL; 2665 EWS VIVEK RANJAN; 2700 GEN AMOGH; 2812 SC AYUSH AMITABH; 2953 EWS PANKAJ; 3022 ST UTHICA; 3115 EWS PIYUSH; 3120 ST TRIPTI; 3533 OBC SAMIYA

3957 OBC RAVI RANJAN; 4021 SC PRASHANT; 4407 OBC SUNNY; 4729 OBC SNEHA; 4737 EWS PRABHAKAR; 4829 GEN BHAGYESH; 4835 ST TANYA; 4930 OBC SURAJ; 5233 OBC SHAURYA PRAKASH; 5400 EWS RAJIV

6039 SC PREM; 6108 SC KHUSHBOO; 6111 OBC NAINA; 6329 OBC VIPIN; 6468 OBC SURAJ PRAKASH; 6598 GEN ISHITA ANAND; 6609 SC VIKASH; 6647 GEN APARANA; 6771 OBC MEGHA; 6876 OBC MUSKAN

7012 OBC ASHUTOSH; 7178 SC RIYA RAJ; 7342 OBC RACHIKA; 7509 OBC ANUP; 7751 GEN SONAL; 7817 SC SHREYA SAGAR; 7839 GEN ARCHANA; 8042 GEN TUSHAR; 8046 GEN ASHNA JAMEEL; 8650 OBC SHAGUFTA

8820 GEN SHIVANSHU; 8947 OBC SNEHA; 9232 GEN SUPRATIM; 10000 OBC SURESH; 10100 GEN SHUBASHREE; 10268 OBC LOVELY VERMA; 10417 GEN ADITYA; 10917 GEN KHUSHI; 11082 OBC KUMARI PRIYA; 11118 ST SHIPRA

and many more...

**LAKSHYA + ACHIEVER BATCH**
For NEET 2023
*Special Batch for Dropper*
Starting from 19th Sept., 2022

**Last** **TARGET BATCH**
For NEET 2023
*for Class XIIth Passed Students*
Starting from 22nd Sept., 2022

**BIOME All India Test Series Program (BAITS)**
Next Test on 21st Sept., 2022

**7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92**

CORPORATE OFFICE : Shivpuri (Kilburn Colony), Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi | BRANCH OFFICE : New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi

www.biomeinstitute.in | youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/ | LIBRARY | SCHOOL | HOSTEL | TRANSPORT

Managed by third party

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
187200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel
सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,800 रु./10 ग्राम
चांदी 56,500 रु./प्रति किलो


# खत्म नहीं हो सकती प्रो बीबी लाल की कहानी, पाताल से खोद कर निकाल लिया था राम मंदिर का सबूत

## इंसान में जोश-जज्बा और लगन हो, तो एक ही जनम काफी है बहुत कुछ करने को

**हिंदू पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है कि इंसान को अपनी मनुष्य योनि में जन्म लेने की घटना को सार्थक बनाने के लिए हर प्रयत्न करना चाहिए, लेकिन अफसोस की बात यह कि इस बात को आज भी लोग नहीं समझ पाये हैं। जो लोग इस कथन का मर्म समझ जाते हैं, वे एक जन्म में ही अपने और अपने पूरे कुल के नाम को ऐसे अमिट अक्षरों में लिख जाते हैं कि आनेवाली कई पीढ़ियों तक उन्हें याद किया जाता रहता है। ऐसे ही एक शख्स थे प्रो बीबी लाल, जिन्होंने एक जन्म में ही ऐसे-ऐसे काम कर दिये कि उनका नाम आनेवाले कई युगों तक लिया जाता रहेगा। पेशे से पुरातत्ववेत्ता प्रो लाल का 101 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया, लेकिन भारतीय पुरातत्व के क्षेत्र में उनके कार्यों और उनकी उपलब्धियों को हमेशा याद किया जाता रहेगा। उनके कई कामों में से सबसे प्रमुख है अयोध्या में बाबरी मस्जिद के नीचे से राम मंदिर के सबूत को खोज निकालना। उनकी खोजों को लेकर उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था। लेकिन यह सम्मान भी उनके कार्यों के बराबर नहीं था, क्योंकि देश में इस सम्मान से नवाजी जानेवाली तो कई हस्तियां हैं, लेकिन किसी की बराबरी प्रो बीबी लाल से नहीं की जा सकती, क्योंकि भारत में धार्मिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र के रूप में अयोध्या को अकाट्य प्रमाणों के साथ पुनर्स्थापित करनेवाले प्रो बीबी लाल ने इस ब्रह्मांड के संभवतः सबसे पवित्रतम धर्मस्थल की खोज में अहम भूमिका निभायी थी। उनके निधन से दुनिया में पुरातत्ववेत्ताओं की एक पीढ़ी खत्म हो गयी है। प्रो बीबी लाल के जीवन और उनके कार्यों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

कबीर का एक दोहा है, कबीरा जब हम पैदा हुए, जग हंसे, हम रोये। ऐसी करनी कर चलो, हम हंसे, जग रोये। यानी इंसान जब जन्म लेता है, तो सबसे पहले रोता है और उसके रोने की आवाज सुन कर सभी खुशी मनाने लगते हैं। लेकिन इंसान को ऐसा कर्म करना चाहिए, जिससे उसकी मौत पर दुनिया रोये और वह खुद हंसे। दुनिया में ऐसे लोग कम ही होते हैं, जो कबीर के इस दोहे पर खरे उतरते हैं और अपने कर्मों से अपना और अपने खानदान का नाम कई पीढ़ियों के लिए स्वर्ण अक्षरों में लिख कर जाते हैं। ऐसे ही एक शख्स थे भारतीय पुरातत्ववेत्ता प्रो बीबी लाल, जिनका 101 साल की उम्र में निधन हो गया है और पूरा देश इससे शोकाकुल है।

देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से सम्मानित प्रो लाल अपनी पुरातात्विक खोजों के लिए काफी मशहूर थे। जीवन के आखिरी काल में भी वह रिसर्च को लेकर खासा उत्साहित दिखते थे। प्रो बीबी लाल का पूरा नाम ब्रजबासी लाल था। उनका जन्म 2 मई 1921 को उत्तरप्रदेश के झांसी जिले के बैडोरा गांव में हुआ था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के प्रो लाल को उनके शोधों के आधार पर वर्ष 2000 में पद्मविभूषण सम्मान से नवाजा गया था। प्रो लाल ने यूपी के हस्तिनापुर, ओड़िशा के शिशुपालगढ़, दिल्ली के पुराण किला, राजस्थान के कालीबंगन सहित ऐतिहासिक स्थलों की खुदाई का नेतृत्व किया। इतिहास के साक्ष्य दुनिया के सामने रखे। इस सबमें महत्वपूर्ण खोज थी अयोध्या में बाबरी मस्जिद के नीचे से राम मंदिर की खोज।

प्रो बीबी लाल की चर्चा सबसे अधिक राम मंदिर के सबूतों को उजागर किये जाने को लेकर होती रही है। उन्होंने बाबरी मस्जिद की नींव राम मंदिर पर खड़ा किये जाने की बात कही थी। अपने इस रिसर्च से वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गये। दरअसल, राम मंदिर का मामला सैकड़ों साल पुराना था। मुगल काल में राम मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनवाये जाने की बात कही गयी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो एके नारायण ने 60 के दशक में पहली बार अयोध्या के आर्कियोलॉजिकल सर्वे का काम शुरू कराया गया। यह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया। इसके बाद खुदाई का काम प्रो बीबी लाल ने अपने हाथ में लिया। यहां से प्राचीन वस्तुएं मिलने पर इसकी जानकारी उन्होंने बीएचयू प्रशासन को दी। इन्हीं पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में साबित हुआ कि अयोध्या में राम मंदिर था।

### संरचना के सिद्धांत के साथ रखा था तर्क

प्रो बीबी लाल ने बाबरी मस्जिद की खुदाई के बाद संरचना के सिद्धांत के साथ अपने तर्क पेश किये थे। उन्होंने कहा था कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद के नीचे मंदिर जैसी संरचना थी। इस सिद्धांत ने राम मंदिर आंदोलन के दौरान काफी सुर्खियां बटोरी थीं। उनका रिसर्च पेपर 'राम, उनकी ऐतिहासिकता, मंदिर और सेतुः साहित्य, पुरातत्व और अन्य विज्ञान के साक्ष्य' ने भी काफी सुर्खियां बटोरी थीं। भगवान राम के प्रति उनका लगाव ही था कि उन्होंने रामायण से जुड़े स्थलों का उत्खनन कराया और कई ऐतिहासिक दस्तावेज दुनिया के सामने रखे। 'सरस्वती प्रवाह परः भारतीय संस्कृति की निरंतरता' जैसे शोध ने आर्कियोलॉजी के शोधार्थियों को भविष्य के शोध की राह दिखायी। अपने करियर के दौरान उन्होंने 50 से अधिक किताबें लिखीं। 150 से अधिक शोध पेपर का प्रकाशन कराया।

प्रो. लाल ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय से मास्टर डिग्री तक की पढ़ाई की। इसके बाद वे पुरातत्व की तरफ मुड़े। तक्षशिला से उन्होंने अपने शोध की शुरुआत की। हड़प्पा जैसे स्थलों पर होनेवाले उत्खनन की टीम का हिस्सा रहे। ब्रिटिश पुरातत्वविद मोर्टिमर व्हीलर के नेतृत्व में उन्होंने प्रशिक्षण लिया।





### रामायण स्थलों पर भी किया शोध

प्रो बीबी लाल ने रामायण से जुड़े स्थलों पर भी शोध शुरू किया। वर्ष 1975 में उन्होंने एएसआइ, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और यूपी सरकार के पुरातत्व विभाग की ओर से शुरू की गयी 'रामायण स्थलों के पुरातत्व' परियोजना पर काम शुरू किया। परियोजना के तहत उन्होंने अयोध्या, भारद्वाज आश्रम, नंदीग्राम, चित्रकूट और श्रृंगवेरापुरा जैसे रामायण से संबंधित पांच स्थलों की खुदाई करायी थी। इस दौरान उन्होंने अहम तथ्य दुनिया के सामने रखे थे।

प्रो लाल ने रामायण में संदर्भ वाले कुछ स्थलों के सर्वे के लिए 1975 और 1976 के बीच प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था। टीम में नौ सदस्य थे, जिनमें से पांच पुरातत्वविद प्रो. लाल, डॉ केपी नौटियाल, एसके श्रीवास्तव, आरके चतुर्वेदी और केएम अस्थाना जीवाजी विश्वविद्यालय से थे। इस टीम में महदावा एन कटी, एलएम वहल और एमएस मणि नाम के तीन सदस्य एएसआइ से थे। यूपी पुरातत्व विभाग से हेम राज टीम से जुड़े थे। प्रो लाल के अनुसार, रामायण से जुड़े पांच स्थलों अयोध्या, नंदीग्राम, श्रृंगवेरापुर, भारद्वाज आश्रम और चित्रकूट में खुदाई की गयी थी।

प्रो लाल ने बाबरी ढांचे के ठीक दक्षिण में क्षेत्र की खुदाई करते समय स्तंभ मिलने के प्रमाण दिये थे। उन्होंने बाबरी ढांचे के पास स्तंभ आधारों की खोज के बारे में सात पन्नों की प्रारंभिक रिपोर्ट लिखी थी। हालांकि, खोज के बाद क्षेत्र से सभी तकनीकी सुविधाओं को वापस ले लिया गया और परियोजना को रोक दिया गया था। प्रो लाल के बार-बार अनुरोध के बावजूद इसे फिर से शुरू नहीं किया गया और 10-12 साल तक बंद रहा। अंतिम रिपोर्ट कभी प्रस्तुत नहीं की गयी थी।

हालांकि, उनकी प्रारंभिक रिपोर्ट भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की ओर से 1989 में रामायण और महाभारत की ऐतिहासिकता पर अपने खंड में प्रकाशित की गयी थी। एक प्राचीन मंदिर के अवशेषों में बबडी संरचना का पता लगाने में बीबी लाल का बड़ा योगदान था, जो राम मंदिर के समर्थन में एक प्रमुख तर्क था। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन तमाम बिंदुओं पर गौर करने के बाद मंदिर के पक्ष में ही फैसला सुनाया।

### किताब पर छिड़ी थी बहस

'राम, हिज हिस्टोरिसिटी, मंदिर एंड सेतुः एविडेंस ऑफ लिटरेचर, आर्कियोलॉजी एंड अदर साइंसेज' किताब के जरिए प्रो बीबी लाल खासी चर्चा में आये थे। वर्ष 1990 में उन्होंने दावा किया कि बाबरी मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे स्तंभ मिले हैं। उन्होंने अपने रिसर्च के आधार पर दावा किया कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद की नींव मंदिर पर रखी होगी। किताब में प्रो. लाल ने लिखा है कि बाबरी मस्जिद के नीचे पत्थर के 12 स्तंभ उन्होंने खुदाई में पाये। ये स्तंभ मस्जिद संरचना सिद्धांत के बिल्कुल उलट थे। इन स्तंभों पर विशिष्ट हिंदू रूपांकन थे। मोल्डिंग और हिंदू देवताओं की आकृति भी उन्होंने देखे जाने का दावा किया। उन्होंने किताब में अपने रिसर्च के आधार पर दावा किया कि ये स्तंभ मस्जिद के अभिन्न अंग नहीं थे। ये स्तंभ मस्जिद से बिल्कुल अलग थे।

### 2021 में मिला पद्म विभूषण

प्रो बीबी लाल को वर्ष 2021 में देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक पद पर रह चुके प्रो. लाल को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था कि उनकी खुदाई में पुरा-पाषाण काल से लेकर प्रारंभिक ऐतिहासिक कालीबंगा, अयोध्या, हस्तिनापुर, इंद्रप्रस्थ तक बहुत विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उन्होंने कई ऐतिहासिक तथ्यों को जनता के बीच रखा।

### प्रो बीबी लाल के निधन से पीएम नरेंद्र मोदी भी सदमे में

पीएम नरेंद्र मोदी ने सीनियर आर्कियोलॉजिस्ट प्रो बीबी लाल के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि बीबी लाल एक बेहतरीन शख्सियत थे। कल्चर और आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्हें एक ऐसे बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में याद किया जायेगा, जिनका हमारे समृद्ध अतीत से गहरा नाता था। पीएम ने ट्वीट में लिखा था कि उनके निधन से गहरे सदमे में हूं। पीएम ने उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में सांत्वना दी। इसके अलावा अन्य नेताओं ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। आज प्रो बीबीलाल नहीं हैं। लेकिन उनकी कहानी कभी खत्म नहीं होगी।

# जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम बोले- जिसके पास खतियान वही झारखंडी

**झारखंड बचाओ मोर्चा की जनसभा में जुटे लोग**


फोटो : प्रदीप ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग को लेकर झारखंड में आंदोलन छिड़ चुका है। झारखंड बचाओ मोर्चा ने इस मांग को लेकर पुराने विधानसभा मैदान में सभा की। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई जिलों से इस सभा में लोग बारिश के बावजूद शामिल हुए। इस मौके पर जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि जिसके पास खतियान है, वही झारखंड का होगा। झारखंड में फिर एक बार खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति की मांग मुखर होने लगी है। 1932 का खतियान लागू करो के नारे लग रहे हैं। हालांकि खतियान का मतलब अंतिम सर्वे का राजनीतिक संदेश भी दिया जा रहा है। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव का कहना है कि राज्य में झारखंड बचाओ मोर्चा का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य झारखंडी जनता को उनका हक अधिकार सुरक्षित करना है। संसाधन संपन्न राज्य में स्थानीय लोगों की अनदेखी से आदिवासी - मूलवासी नाराज दिख रहे हैं। उनका मानना है कि स्थानीय नीति के निर्धारण से स्वतः राज्य की जनता का भला होगा, लेकिन मौजूदा सरकार इसको लेकर प्रतिबद्ध नजर नहीं आ रही है।

जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम इन दिनों खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर लगातार खुद की सरकार पर दबाव बना रहे हैं। अब तक स्थानीय नीति से लेकर सीएनटी/एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू करने की मांग को लेकर राज्य के कई जिलों में सभा कर चुके हैं। रांची के पुराना विधानसभा मैदान में झारखंड बचाओ मोर्चा की सभा में लोबिन के तेवर तल्ख दिखे।

लोबिन हेंब्रम ने कहा कि ये तो अभी ट्रेलर है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। जिस उम्मीद के साथ अलग राज्य का गठन हुआ, वो सपना आज भी अधूरा है। खतियान आधारित स्थानीय नीति के आंदोलन को और शानदार-धारदार बनाने के लिए वह मैदान में कूद पड़े हैं। उन्होंने कहा, जिसके पास खतियान होगा, वही झारखंड का होगा।

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने भी खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाने को लेकर इशारा कर दिया है। हालांकि सरकार इस मामले में कब तक अंतिम फैसला लेगी और उसमें क्या कुछ शामिल किया जायेगा, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। इस बीच विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा स्थानीय और नियोजन नीति को लेकर आंदोलन और सभा से राज्य सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

# 1932 का खतियान लागू होने तक होगा आंदोलन : जयराम



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस हाई स्कूल प्लस टू के स्टेडियम में रविवार को खतियानी संघर्ष समिति द्वारा स्थानीय खतियानी महाजुटान का आयोजन किया गया था। यहां पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खतियानी भाषा जन संघर्ष समिति के जयराम महतो उपस्थित हुए। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड एक चारागाह बन कर रह गया है, जहां सरकार के पीछे परदे में बैठे लोग सरकार चला रहे हैं और वे झारखंड के नहीं हैं। ना ही उनके किसी पूर्वज ने झारखंड की लड़ाई में अपना योगदान दिया है। ये लोग झारखंडियों के हक को छीन रहे हैं। इसके लिए हम सभी लोगों को संगठित होकर जोरदार आंदोलन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति एवं खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति को लागू कराने के लिए जरूरत पड़ने पर बलिदान देने के लिए भी तैयार रहना होगा। महतो ने कहा कि झारखंड में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति लागू नहीं होने के कारण यहां के युवाओं को नौकरी से वंचित रखा जा रहा है। बाहर के लोग यहां नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तक सरकार झारखंडियों की पहचान तय नहीं कर पायी है। बीजेपी की सरकार अपने स्तर से स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाती है, वहीं जेएमएम की सरकार भी अपने राजनीतिक स्वार्थ के हिसाब से नीति बनाने का काम कर रही है। जबकि झारखंडियों के हित में कोई भी नीति अब तक नहीं बनायी गयी है।

**ओरमांझी में स्कूल की छात्राओं को धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ा**

# झारखंड में तुष्टिकरण की आग रोज नये-नये स्वरूप धारण कर रही है : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी के हाइस्कूल में मुस्लिम समुदाय के कुछ मनचले युवकों के द्वारा स्कूल में घुसकर वहां की छात्राओं को हथियार के बल पर दोस्ती करने का मामला सामने आया है। इस पर भाजपा झारखंड प्रदेश ने कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में तुष्टिकरण की आग रोज नये-नये स्वरूप धारण कर रही है। जिसे हेमंत सरकार और सरकार में शामिल कांग्रेस का मौन समर्थन प्राप्त है। शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, सरकार इन असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ्तार करे।

### आदित्य साहू आज जायेंगे स्कूल

ओरमांझी में प्रोजेक्ट प्लस-2 उच्च विद्यालय में आसपास के कुछ युवकों ने शिक्षक दिवस के दिन स्कूली छात्राओं को धमकी देकर दोस्ती देने के दबाव का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इस छेड़खानी मामले पर भाजपा ने आरोप लगाया कि इसके लिए झारखंड सरकार की तुष्टिकरण नीति जिम्मेदार है। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सोमवार को संबंधित स्कूल जायेंगे। सांसद ने रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक कौशल किशोर और स्थानीय थानेदार से फोन पर बातचीत भी की है।



### मुस्लिम युवक हिंदू बेटियों को टारगेट कर रहे : प्रतुल

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में लव जिहाद और गुंडागर्दी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। लगातार कुछ कुंठित मानसिकता वाले मुस्लिम युवक हिंदू बेटियों को टारगेट कर रहे हैं। लेकिन हेमंत सरकार कुछ नहीं कर रही। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सरकार से न हो पायेगा तो भाजपा को बतायें। हिंदू हर तरीके से सक्षम हैं।

### यह घटना बेहद निंदनीय : कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा

वहीं दूसरी ओर स्कूल में हुई छेड़खानी मामले को लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय है। इस मामले में जो भी दोषी हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सीनियर एसपी द्वारा सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन कर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया गया है। राज्य के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। दर्ज प्राथमिकी में जितने भी आरोपियों के नाम हैं उनमें से किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

सूत्रों का कहना है कि एक सप्ताह से आदिवासी और अन्य हिंदू युवतियों को इन मनचलों की ओर से लगातार धमकी दी जा रही है। पीड़ित छात्राओं ने अपने अभिभावकों को घटना की जानकारी भी दे दी है। पूरे प्रकरण की जानकारी ओरमांझी थाने को भी दी गयी है। घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश भी है।

www.epaper.azadsipahi.com

12 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 323

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस सुनवाई योग्य है या नहीं? फैसला आज, वाराणसी में धारा-144 लागू



SURJABASHA





## सीरम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर से 1 करोड़ की ठगी

**मुंबई।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के एक डायरेक्टर सायबर फ्रॉड का शिकार हो गये। उनसे एक अनजान शख्स ने 1 करोड़ रुपये बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा लिये। खास बात यह है कि जिस व्यक्ति ने ठगी की, उसने खुद को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का सीइओ अदार पूनावाला बताया और पैसे ट्रांसफर करने को कहा। न्यूज एजेंसी ने पुणे पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी। घटना बुधवार और गुरुवार की बतायी गयी है। पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी और आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर प्रताप मंकर ने कहा कि कंपनी के डायरेक्टर सतीश देशपांडे की ओर से बूंद गार्डन पुलिस थाने में केस दर्ज करवाया गया है।

# स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का निधन

## आज नरसिंहपुर के परमहंसी गंगा आश्रम में दी जायेगी समाधि




आजाद सिपाही संवाददाता

**नरसिंहपुर।** ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ और शारदा पीठ द्वारका के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का 98 साल की आयु में रविवार को निधन हो गया। उन्होंने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में माइनर हार्ट अटैक आने के बाद दोपहर 3 बज कर 50 मिनट पर अंतिम सांस ली। स्वरूपानंद सरस्वती को हिंदुओं का सबसे बड़ा धर्मगुरु माना जाता था। शंकराचार्य लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका बेंगलुरु में इलाज चल रहा था। हाल ही में वे आश्रम लौटे थे।

शंकराचार्य के शिष्य ब्रह्म विद्यानंद ने बताया- स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को सोमवार को शाम 5 बजे परमहंसी गंगा आश्रम में समाधि दी जायेगी। स्वामी शंकराचार्य आजादी की लड़ाई में जेल भी गये थे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई भी लड़ी थी।

**साधुओं को कैसे देते हैं भू-समाधि :** शैव, नाथ, दशनामी, अघोर और शाक्त परंपरा के साधु-संतों को भू-समाधि दी जाती है। भू-समाधि में पद्मासन या सिद्धि आसन की मुद्रा में बैठा कर भूमि में दफनाया जाता है। अक्सर यह समाधि संतों को उनके गुरु की समाधि के पास या मठ में दी जाती है। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को भी भू-समाधि उनके आश्रम में दी जायेगी।

**9 साल की उम्र में घर छोड़ धर्म यात्रा पर निकले :** शंकराचार्य श्री स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के दिघोरी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता ने बचपन में इनका नाम पोथीराम उपाध्याय रखा था। महज 9 साल की उम्र में इन्होंने घर छोड़ धर्म की यात्रा शुरू कर दी थी। इस दौरान वो काशी पहुंचे और यहां इन्होंने ब्रह्मलीन श्री स्वामी करपात्री महाराज से वेद-वेदांग, शास्त्रों की शिक्षा ली।

**19 साल की उम्र में बने थे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी :** जब 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का एलान हुआ तो स्वामी स्वरूपानंद भी आंदोलन में कूद पड़े। 19 साल की आयु में वह क्रांतिकारी साधु के रूप में प्रसिद्ध हुए। उन्हें वाराणसी में 9 महीने और मध्यप्रदेश की जेल में 6 महीने कैद रखा गया। जगदगुरु शंकराचार्य का अंतिम जन्मदिन हरितालिका तीज के दिन मनाया गया था।

**1981 में शंकराचार्य की उपाधि मिली :** स्वामी स्वरूपानंद 1950 में दंडी संन्यासी बनाये गये थे। ज्योतिर्मठ पीठ के ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती से दंड संन्यास की दीक्षा ली और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती नाम से जाने जाने लगे। उन्हें 1981 में शंकराचार्य की उपाधि मिली।

**राम मंदिर के नाम पर दफ्तर बनाने का आरोप लगाया था :** शंकराचार्य स्वामी स्परूपानंद सरस्वती ने राम जन्मभूमि न्यास के नाम पर विहिप और भाजपा को घेरा था। उन्होंने कहा था- अयोध्या में मंदिर के नाम पर भाजपा-विहिप अपना ऑफिस बनाना चाहते हैं, जो हमें मंजूर नहीं है। हिंदुओं में शंकराचार्य ही सर्वोच्च होता है। हिंदुओं के सुप्रीम कोर्ट हम ही हैं। मंदिर का एक धार्मिक रूप होना चाहिए, लेकिन ये लोग इसे राजनीतिक रूप देना चाहते हैं जो कि हम लोगों को मान्य नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य के रूप में वासुदेवानंद सरस्वती को जगह देने पर भी शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती ने आपत्ति जतायी थी। उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने चार फैसलों में वासुदेवानंद सरस्वती को न शंकराचार्य माना और न ही सन्यासी माना है।

## जेइइ एडवांस्ड 2022 रिजल्ट जारी

# आरके शिशिर ने किया टॉप और तनिष्का लड़कियों में सबसे आगे




आर के शिशिर
360 में से 314 अंक

तनिष्का काबरा
360 में से 277 अंक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जेइइ एडवांस्ड 2022 रिजल्ट रविवार को डिक्लेयर कर दिया गया। स्टूडेंट्स jeeadv.ac.in पर फाइनल आंसर की और अपना स्कोर कार्ड देख सकते हैं। इस साल 160038 स्टूडेंट्स ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। 155538 स्टूडेंट्स ने दोनों पेपर दिये, जिनमें से 40712 ने क्वालिफाई किया। यह परीक्षा 28 अगस्त को हुई थी।

आइआइटी बॉम्बे जोन के आरके शिशिर जेइइ (एडवांस्ड) 2022 में कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में टॉप पर हैं। उन्होंने 360 अंकों में से 314 अंक हासिल किये। फीमेल स्टूडेंट्स में आइआइटी दिल्ली की तनिष्का काबरा ने टॉप किया है, लेकिन उनका सीआरएल 16 है। उन्होंने 360 में से 277 अंक हासिल किये।

रिजल्ट के साथ ही फाइनल आंसर की भी रिलीज की गयी है। जेइइ एडवांस्ड 2022 में रैंक हासिल करने वाला उम्मीदवारों को खडररअ काउंसिलिंग में शामिल होना होगा। यह 12 सितंबर से शुरू होगी।

## जेइइ एडवांस्ड 2022 टॉपर्स कॉमन रैंक लिस्ट में

1. आर के शिशिर
2. पोलु लक्ष्मी साई लोहित रेड्डी
3. थॉमस बीजू चिरामवेली
4. वांगपल्ली सिद्धार्थ
5. मयंक मोटवानी
6. पोलीसेट्टी कार्तिकेय
7. प्रतीक साहू
8. धीरज कुरुकुंड
9. महित गढ़ीवाला
10. वेचा ज्ञान महेश

## टॉप 10 में से 5 आइआइटी मद्रास जोन से

जेइइ एडवांस 2022 के टॉप 10 रैंकर्स में से पांच आइआइटी मद्रास जोन से हैं।
पोलु लक्ष्मी साई लोहित रेड्डीः एआइआर 2
थॉमस बीजू चीरमवेलिलः एआइआर 3
वांगपल्ली साई सिद्धार्थ। एआइआर 4
पोलीसेटी कार्तिकेयः एआइआर 6
धीरज कुरुकुंडाः एआइआर 8

## जेइइ एडवांस के टॉप 100 में रांची के दो मेधावी

**रांची।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जेइइ एडवांस 2022 का रिजल्ट जारी कर दिया है। जेइइ एडवांस में रांची के दो छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जेइइ एडवांस के टॉप 100 में रांची के दो मेधावी छात्र शामिल हैं। सूर्यांश सृजन ने अखिल भारतीय स्तर (एआइआर) पर 51वां रैंक हासिल किया है, जबकि आदित्य प्रकाश ने 70वां रैंक प्राप्त किया है।

# आफताब ने पुष्पेंद्र बन शादी की, सास ने घर से निकाला, पुलिस बोली यूपी जाओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू के गढ़वा जिले के मेराल में लव जिहाद का मामला सामने आया है। यहां यूपी की युवती से मुस्लिम युवक ने पहचान छिपा कर, हिंदू बन कर शादी की। मामला से पर्दा तब उठा, जब युवती आरोपी के घर गयी। यहां उसे आरोपी का आधार कार्ड मिला, तब राज खुला।

मामला जिले के मेराल थाना क्षेत्र का है। यहां आफताब अंसारी ने खुद को पुष्पेंद्र सिंह बता कर यूपी की एक लड़की को पहले प्यार के जाल में फंसाया, फिर शादी की। पीड़िता ने बताया कि उसका घर यूपी के सोनभद्र जिलांतर्गत चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा गांव में है। आरोपी युवक आफताब अंसारी ने कुछ साल पहले उसके गांव में दवा की दुकान खोली थी। उस दौरान दोनों में प्रेम हुआ। उस समय युवक ने अपना नाम पुष्पेंद्र सिंह बताया था। दोनों के बीच छह महीने के अंदर प्यार परवान चढ़ा और युवक ने उससे 2018 में शादी कर ली।

**प्रेग्नेंट हुई तो छोड़ कर भागना चाहता था :** शादी के बाद युवक उसे मिर्जापुर के लालगंज में किराये के मकान में ले गया। वहां दोनों साथ रहने लगे। शादी के दो साल के बाद 2020 में युवती गर्भवती हो गयी। उसके बाद आरोपी उसे छोड़ कर भागने लगा, जिसकी शिकायत युवती ने स्थानीय चोपन थाना में की। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद आफताब उसे साथ रखने लगा। उसके बाद 28 जुलाई 2021 को उनकी बेटी का जन्म हुआ। बेटी के जन्म के बाद आरोपी ने अपने घर में किसी की

### लव जेहाद : चार साल बाद खुला राज



मौत होने की बात कह कर दोनों को अपने गांव ले आया। उसी दौरान मृतक के अंतिम संस्कार की रस्म देख कर युवती को शक हुआ।

**मुस्लिम होने की बात से इनकार करता रहा :** शक होने पर युवती ने आफताब से पूछताछ की। उस समय आफताब ने खुद के मुस्लिम होने से इनकार कर दिया। उसके बाद दोनों वहां से मिर्जापुर वापस लौट गये। वापस लौटने के बाद धर्म को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होने लगा। उसके बाद पिछले मुहर्रम में वह अपने घर आया, तब युवती को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है। युवक ने धर्म छिपा कर उससे शादी की है।

**पंचायत ने साथ रहने का सुनाया था फैसला :** उसके बाद गांव में भी मामले में पंचायती हुई। पंचायत ने युवक को उसे साथ रखने का फैसला सुनाया। उसके बाद आफताब उसे मिर्जापुर लेकर आ गया। वहां लौटने के बाद दोनों के बीच कहा-सुनी हुई। उस दौरान महिला के साथ मारपीट की गयी। मारपीट की घटना के बाद आफताज मिर्जापुर से भाग गया।

**ससुरालवालों ने घर से निकाला :** एक हफ्ते तक घर नहीं लौटने पर वह शुक्रवार को आफताब के घर आ गयी। रातभर वहीं रही। शनिवार को आरोपी की मां ने उसे घर से धक्का देकर निकाल दिया। उसके बाद उसने मेराल थाना पहुंच घटना की जानकारी दी। वहां उसका केस दर्ज नहीं हुआ।

**यूपी का मामला होने के कारण केस दर्ज नहीं हुआ :** इस मामले में मेराल थाना के प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद ने कहा कि पीड़िता थाना आयी थी। उसने घटना की जानकारी दी। घटनास्थल यूपी का है। पीड़िता को संबंधित थाना में केस दर्ज करने के लिए कहा गया है। वहां केस दर्ज होने के बाद जब पुलिस कार्रवाई के लिए यहां आयेगी तो उसे सहयोग किया जायेगा।

# अभिषेक बनर्जी की साली को इडी ने विदेश जाने से रोका

आजाद सिपाही संवाददाता


**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर को शनिवार शाम प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने कोलकाता हवाई अड्डे पर रोक दिया और कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंप दिया। मेनका गंभीर रात करीब नौ बजे बैंकॉक के लिए उड़ान भरने वाली थीं। सूत्रों के अनुसार संघीय जांच एजेंसी द्वारा मेनका के खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर आव्रजन मंजूरी से वंचित कर दिया गया। इसके बाद इडी को सूचित किया गया, जिसके बाद वे हवाईअड्डे पहुंचे, उनसे पूछताछ की और यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

**मेनका की तस्वीर स्कैन होते ही बजा सिक्योरिटी अलार्म :** एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक मेनका रात करीब 7.45 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचीं। फिर नौ बज कर 10



मिनट पर उनकी फ्लाइट थी, लेकिन जैसे ही सुरक्षा कैमरे में मेनका की तस्वीर कैद होने के बाद सिक्योरिटी अलार्म बजने लगा। इसके बाद सीआइएसएफ और एयरपोर्ट अधिकारियों की टीम ने उन्हें घेरे में ले लिया और एक कमरे में बैठा दिया।

**इडी ने समन सौंपा :** इडी के अधिकारियों ने बाद में कोयला तस्करी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में अपने कार्यालय में सोमवार (12 सितंबर) को सुबह 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए समन सौंपा। बता दें कि कोयला तस्करी मामले का मास्टरमाइंड अनूप माझी उर्फ लाला है। आरोप है कि वह अभिषेक बनर्जी का खासमखास रहा है। लाला के खाते से कोयला तस्करी मामले से जुड़े अरबों रुपये का ट्रांसफर विदेश में किया गया है। इसमें अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजीरा बनर्जी और उनकी साली मेनका गंभीर के बैंकॉक स्थित खाते का इस्तेमाल हुआ है। दोनों मूल रूप से बैंकॉक में ही पली बढ़ी हैं और उनके मां-बाप वहीं रहते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## आइआइटी-जेइइ 2022 परीक्षा

# ब्रदर्स ऐकेडमी के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया

**ऑल इंडिया रैंक- 57 हासिल कर तनीश अग्रवाल बने टॉपर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स ऐकेडमी के छह छात्रों ने एआइआर 1,000 में और 21 छात्रों ने एआइआर 10,000 में आइआइटी-जइइ 2022 की वरीयता सूची में विभिन्न श्रेणीयों में अपनी जगह बनाते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर ऐकेडमी को गौरवान्वित किया है। ब्रदर्स ऐकेडमी से उल्लेखनीय सफलता पानेवाले कुछ छात्रों के नाम निम्नांकित हैं : तनिश अग्रवाल, कुंदन कुमार, युवराज दत्ता, सौरव विशाल, अहमद रजा खान, वेलेंटाइन कच्छप, अमन राज, सौजन्या चंद्रा, साहिल सिन्हा, विनीत गोयल। सफल छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐके-डमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशानिर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्य सामग्री, क्विजटेस्ट संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने परीक्षा के प्रति हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में भी हम पूरी तरह संतुलित और सहज थे। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। कई छात्रों ने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपनी सफलता की गाथा लिख कर एक मिसाल कायम की है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए भावी छात्र जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी इनकी सफलता का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम और ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों को देते हुए कहा कि संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण से बच्चों की क्षमता में बहुत इजाफा हुआ।

# गोल इंस्टीट्यूट के 6156 स्टूडेंट्स क्वालीफाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले 25 सालों से गोल इंस्टीट्यूट मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवा रहा है। नीट 2022 की परीक्षा में 6156 विद्यार्थी क्वालीफाई किये हैं। इसे लेकर रांची स्थित गोल इंस्टीट्यूट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गोल इंस्टीट्यूट के उपलब्धियों के बारे में बताया। रांची की प्राची कुमारी 680 अंक लाकर गोल टॉपर रहीं, वहीं प्राची कुमारी को ऑल इंडिया रैंक 780 मिला। गोल में पढ़ाई करने वाले दिवाकर झा, असजद शमीम, मुस्कान कुमारी, परिजा, हर्षिता, एकता, आशीष रंजन, निखिल कुमार, आकाश चंद्र महतो, खुशी और प्रिया का प्रदर्शन अच्छा रहा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोल के सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। गोल इंस्टीट्यूट के आनंद वत्स ने कहा कि बहुत जल्द झारखंड में भी गोल विलेज खोला जायेगा। इस वर्ष हमारे संस्थान का रिजल्ट बहुत ही अच्छा आया है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष ज्यादा छात्रों का चयन नीट में हुआ है। टॉप टेन मेडिकल कॉलेजों में भी हमारे गोल संस्थान से पिछले वर्षों की तुलना में अधिक छात्रों का नामांकन होने की संभावना है।

आनंद ने कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में हमारे संस्थान के रिजल्ट की पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए हमलोगों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। जिसमें हमारे संस्थान के टॉप रैंकर्स की उपस्थिति के साथ हमारे सफल छात्रों की सूची जारी की जा रही है। आनंद ने कहा कि हमारी संस्थान पिछले 25 वर्षों में एक भी ऐसे छात्र के रिजल्ट का दावा नहीं किया है जो गोल इंस्टीट्यूट से न हो। आनंद वत्स ने सभी सफल छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि हमारी संस्थान नीट में सफल छात्रों के लिए कॉलेज चयन और काउंसिलिंग से संबंधित दिशानिर्देश के लिए रविवार को प्रेस क्लब, रांची में काउंसिलिंग सपोर्ट सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें नीट के सफल छात्रों को दिशा निर्देश दिया जायेगा। गोल इंस्टीट्यूट के काली प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष गोल इंस्टीट्यूट से 6156 छात्र नीट क्वालीफाई किये हैं। जिनमें से 712 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की संभावना है। इस वर्ष हमारे 11 छात्रों ने 680 या उससे अधिक मार्क्स लाकर संस्थान का मान बढ़ाया है। काली प्रसाद ने कहा कि हमारा संस्थान अगले वर्ष की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप के साथ सभी जरूरी सुविधाएं दे रहा है।

# जेइइ एडवांस्ड में परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों का उम्दा प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को घोषित जेइइ एडवांस्ड, 2022 के परिणाम के अनुसार इस वर्ष भी परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान से शामिल कुल 16 छात्रों में से आठ छात्र सफल रहे हैं। रवि कुमार का रैंक 2195 है, जयेश रंजन का रैंक 2862, अक्षत प्रकाश का रैंक 3083, वैष्णवी झा का रैंक 3209, प्रियदर्शिनी कुमारी का रैंक 12313, प्रांजल कुमार का रैंक 15989 और आर्यमन झा का रैंक 16625 है। साथ ही आशीष उरांव का प्रेप कोर्स के लिए चयन हुआ है। सभी रैंक श्रेणी अर्हता (केटेगरी) के अनुसार हैं। छात्रों के इस सफलता से संस्थान में अत्यंत उत्साह, खुशी एवं शैक्षिक प्रेरणा का माहौल कायम हो गया है। निदेशक आशीष आनंद ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञातव्य हो कि आशीष आनंद स्वयं आइआइटी बांबे के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

# जेइइ एडवांस 2022 में भी न्यूटन ट्यूटोरियल्स का शानदार प्रदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेइइ एडवांस 2022 की परीक्षा में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यहां के शिक्षकों प्रणव कुमार, मनीष कुमार झा, चंदन कुमार भौतिक विज्ञान, पंकज कुमार, मदन मोहन झा, सलमान अली रसायन शास्त्र एवं इमरान अली एवं चंदन कुमार गणित ने उचित मार्गदर्शन दिया। यहां के निर्देशक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि के सभी कोर्स में भी शानदार रिजल्ट रहा है। ऑल इंडिया विभिन्न केटगेरी रैंक में सफल छात्रों में टॉप रैंक पानेवाले सफल छात्र आकाश गिरि 534 सामान्य, नीलेश भगत 768, सुमित कुमार रोहन 892 सामान्य, निधि तिर्की 942, जय राज कुमार- 1499, रितेश कुमार रजक - 2068, अभिनव राज 4278, आदर्श कुमार 4936, अंकित कुमार - 6407), मोहिनी कुमारी - 6454, हर्षित राज - 8382 ओबीसी), प्रियांशु आर्यन, आदित्य किशोर सिन्हा (एयर- 17933 सामान्य) आदि छात्रों ने विभिन्न क्लास रूम पाठ्यक्रम के द्वारा सफलता पायी है। इतने सारे छात्रों की सफलता का कारण पूछने पर इमरान अली ने बताया कि यहां पर प्रत्येक छात्र का शिक्षकों के साथ बहुत ही अच्छा संबंध होने के कारण छात्र बिना झिझक के शिक्षक से अपने छोटे से छोटे सवाल पूछ कर उसका समाधान करते हैं। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के अंदर जोश, जज्बा और उत्साह भरा जाता है। उनके व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जाता है।

# चैंप स्क्वॉयर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइआइटी और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा प्रशिक्षण के लिए झारखंड के लोकप्रिय संस्थान ने एक बार फिर से आइआइटी के घोषित हुए परिणामों में सफलता का परचम लहराया। चैंप स्क्वॉयर के तीन वर्षीय क्लास रूम प्रोग्राम में पढ़े हैं, उन्होंने आल इंडिया रैंक लाकर चैंप स्क्वॉयर एवं पूरे रांची का मान बढ़ाया है। चैंप स्क्वॉयर से कुल बच्चों ने आइआइटी जेइइ 2022 एडवांस में सफलता दर्ज करवायी। शिव ने चैंप स्क्वॉयर को 2019 में (तीन वर्षीय क्लासरुम प्रोग्राम) अपने लक्ष्य सिद्धि के लिए चुना। उनका मानना है कि चैंप स्क्वॉयर ने उनका उत्कृष्ट मार्गदर्शन किया, जिससे केभीपीवाइ में कामयाबी अर्जित की। जेइइ मेंस प्रवेश परीक्षा में 2310 रैंक हासिल किया, परंतु उनका लक्ष्य तो आइआइटी में जाना था। उन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा अपनी लक्ष्य सिद्धि में लगा दी। इसके अलावा अनुपम (1925), आयुष (2327), इत्यादि ने सफलता अर्जित की। चैंप स्क्वॉयर के शिक्षकों के मार्गदर्शन में जी तोड़ मेहनत करते हुए जेइइ एडवांस की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन देने में कामयाबी हासिल की। सभी का कहना है कि उसे इस उत्कृष्ट प्रदर्शन करना उनके लिए संभव केवल चैंप स्क्वॉयर की वजह से है, संस्था के शिक्षकों में एक एवरेज स्टूडेंट के द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन करवाने की अचूक कला मौजूद है। यहां के शिक्षक हमेशा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं और बच्चों की शंकाओं को दूर करने के लिए कृतसंकल्प हैं। चैंप स्क्वॉयर का स्टडी पैकेज रांची शहर के सभी संस्थानों से बेहतर है। साप्ताहिक टेस्ट लेने में यह संस्था अग्रणी है। हर लेवल का प्रश्न इस टेस्ट में मौजूद रहने से काफी मदद मिली। यहां एडवांस के पहले 150 से अधिक टेस्ट लिया गया, जिससे उनको काफी फायदा हुआ। सीबीटी और ऑनलाइन मोड में भी इस संस्था ने टेस्ट लिया जो एडवांस से पूर्ण रूप से मेल किया है। कोरोना कॉल में आन लाइन छात्रों के सवालों का समाधान निकाला गया। शिक्षकों ने अथक प्रयास किया, जिसका परिणाम मिला है।

# द पाठशाला की समृद्धि बनीं रांची सिटी गर्ल्स टापर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द पाठशाला की छात्रा समृद्धि सहाय जेइइ एंडवास 2022 में 1901 रैक लाकर रांची सिटी गर्ल्स टापर बनीं। द पाठशाला के निदेशक ने बताया कि 17 बच्चे हैं जो बारह हजार के अंदर रैंक लाकर संस्था का नाम रोशन किये हैं। सौम्या आर्यन को 1569 रैंक, अश्विनी राज को 2056 और वेदांत अग्रवाल को 10188 प्राप्त हुआ है। सभी सफल छात्रों ने द पाठशाला के सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को और स्टडी मेटेरियल को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। विगत वर्षों में द पाठशाला ने बहुत ही उत्कृष्ट रिजल्ट दिया है। द पाठशाला ने सभी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया है। द पाठशाला के निदेशक ने सभी सफल विद्यार्थी को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नये सत्र में एडमिशन के लिए अतिप्रतिष्ठित द स्पेक्ट्रम छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए छात्र आवेदन कर सकते हैं।

# ज्ञान ही वह सागर है जो बांटने पर बढ़ता है : डॉ तपन कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के जनजातीय एवं भाषा विभाग में शिक्षक दिवस सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्नातकोत्तर चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत में गुरु शिष्य परंपरा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से औपचारिक तौर पर अलग होने के बाद भी विद्यार्थी ताउम्र भावनात्मक रूप से विश्वविद्यालय से जुडे रहें, यह हम शिक्षक वृंद की विशेष जिम्मेवारी बनती है। मौके पर अतिथि वक्ता के तौर पर झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय, रांची के वित्त पदाधिकारी डॉ सत्यप्रकाश ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थियों का संबंध सदैव बना रहता है और दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। डॉ विनोद कुमार ने टीआरएल विभाग की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि आज इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी अपनी संस्कृति के प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं।

## राष्ट्रमंडल खेल के विजेता खिलाड़ियों की हो प्रोन्नति

# पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी के लिए सीएम से मिलेंगे: बंधु



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कॉमनवेल्थ गेम 2022 बर्मिंघम में देश को लॉन बॉल खेल में स्वर्ण पदक दिलाने वाली झारखंड की बेटी रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे, रजत पदक विजेता सुनील बहादुर और दिनेश कुमार ने बंधु तिर्की से मुलाकात की। विजेता खिलाड़ियों ने बंधु तिर्की से झारखंड में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी बातों को रखा।

खिलाड़ियों ने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 बर्मिंघम में लॉन बॉल और हॉकी स्पर्धा से झारखंड के 8 खिलाड़ी शामिल हो हुए थे। सभी खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर झारखंड के मान-सम्मान को अंतरराष्ट्रीय फलक पर फैलाने का काम किया है। झारखंड सरकार की खेल नीति 2022 के तहत 5 सालों के लिए विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए 10 लाख, 7 लाख एवं 5 लाख की पुरस्कार राशि दिये जाने का प्रावधान है। जो अन्य राज्य की तुलना में बहुत कम है। अन्य राज्यों में स्वर्ण पदक विजेताओं को 1 करोड़, रजत पदक विजेता को 75 लाख, और कांस्य पदक विजेता को 50 लाख प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। खिलाड़ियों ने पुरस्कार राशि में वृद्धि और नौकरी में प्रोन्नति के लिए निवेदन किया है। बंधु तिर्की ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 बर्मिंघम में झारखंड की बेटियों ने गौरवशाली इतिहास रचा है। भारतीय महिला लॉन बॉल टीम ने जो सफलता की लकीर खींची है। वह हम सबके लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन से राज्य ही नहीं पूरे देश का नाम रौशन किया है। ऐसे खिलाड़ियों की प्रोन्नति होनी चाहिए। अन्य राज्यों के तर्ज पर प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के लिए राज्य सरकार से आग्रह करूंगा। विश्वास है सरकार इस दिशा में साकारात्मक कदम उठायेगी।

# सुखाड़ को देखते हुए पीडीएस सिस्टम को मजबूत करें : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने फूड सिक्यूरिटी एटलस ऑफ रूरल झारखंड का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने पीडीएस सिस्टम को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में सुखाड़ के हालात हैं। ऐसे में हमें पीडीएस सिस्टम को और ज्यादा मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र के तीन जिले गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ उच्च खाद्य असुरक्षित क्षेत्र की श्रेणी में आते हैं। वहीं पूर्वी सिंहभूम, रांची, धनबाद, हजारीबाग और रामगढ़ जिले अत्यधिक खाद्य सुरक्षित जिले हैं।

# अंकिता की बड़ी बहन को उपभोक्ता फोरम में नौकरी

**दुमका (आजाद सिपाही)। पेट्रोल से जल कर मरी दुमका की बेटी अंकिता के स्वजन को भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। जिला प्रशासन पूरे परिवार की हरसंभव मदद कर रहा है। मृतका की बड़ी बहन को उपभोक्ता फोरम में कंप्यूटर आपरेटर की नौकरी मिल गयी है। रविवार को विधायक बसंत सोरेन ने आवास जाकर उसको नियुक्ति पत्र दिया। दुमका की बेटी को 23 अगस्त की सुबह मुहल्ले के ही शाहरुख हुसैन और उसके साथी नइम ने सोते समय पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी। 27 अगस्त की रात रांची रिम्स में उसकी मौत हो गयी। गरीब पिता की मदद के लिए प्रशासन ने जो आश्वासन दिया, उसे पूरा कर रहा है। मौत के बाद डीसी रविशंकर शुक्ला ने बड़ी बहन को नौकरी का आश्वासन दिया था। उससे पहले दादी को वृद्धावस्था पेंशन और भाई का सिदो कान्हू उच्च विद्यालय में नामांकन कराया गया।**

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

# दुष्कर्म के आरोपी की मौत के बाद थाने का किया घेराव, तोड़फोड़ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद सहरुद्दीन के मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नारकोपी थाना का घेराव कर तोड़फोड़ किया। भारी संख्या में आक्रोशित लोग रविवार देर शाम नरकोपी थाना का घेराव किया और तोड़फोड़ शुरू कर दी। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

मृतक के भाई शाहिद अंसारी ने बताया दुष्कर्म का आरोप में गांव के कुछ युवकों ने उसे बुरी तरह पीटा था। इसके बाद पुलिस ने भी थाने में उसे बुरी तरह पीटा। जब हालत बिगड़ी, तो आनन-फानन में जेल भेज दिया। हालांकि पुलिस के अनुसार आरोपी को मेडिकल जांच के बाद उसे जेल भेजा गया था। उस समय वह स्वस्थ था।

गौरतलब है कि 28 अगस्त को पीड़ित नाबालिग घर में अकेली थी, नहाने के लिए घर से बाहर निकली, तो बारिश के वजह से पेड़ के नीचे खड़ी हो गयी। इसी क्रम में नारकोपी थाना क्षेत्र के सेरो निवासी आरोपी सहरुद्दीन अंसारी को आते देख नाबालिग अपने घर की ओर जाने लगी। आरोपी नाबालिग के पीछे- पीछे उसके घर के अंदर चला गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल में बंद दुष्कर्म के आरोपी सहरुद्दीन अंसारी की शनिवार को इलाज को दौरान रिम्स में मौत हो गयी। डॉक्टरों ने मौत का कारण आंत में ब्लीडिंग और किडनी फेल्योर बताया है। वही मृतक के पिता रुबिल अंसारी का आरोप है कि नरकोपी थाने के दारोगा ने बेरहमी से पीटा जिस वजह से बेटे की जान चली गयी। गिरफ्तारी के बाद 29 अगस्त को बेटे को कपड़े देने थाना गये तो मिलने नहीं दिया गया। जब जेल में मिलने गये, तो बेटा कुछ बोल नहीं पा रहा था। सहरुद्दीन के रिम्स में भर्ती होने की सूचना पर मिलने पहुंचे तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

### संदर्भ : पतरातू में बहन ने भाई की हत्या कर शव को घर में दफनाया

# दंडाधिकारी और पुलिस की उपस्थिति में शव को निकाला गया बाहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र में एक बहन द्वारा अपने भाई की हत्या कर जमीन में दफनाने का मामला सामने आया। इसके बाद रविवार को दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में दफनाए गए शव को बाहर निकाला गया। इस दौरान उक्त आवास के बाहर हजारों लोगों की भीड़ जमा हो गई। सरकारी आवास में दफनाए गए शव को निकालने में 4 लोगों को लगाया गया था। 2 घंटे के कड़े मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। इस दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में पतरातू के अंचलाधिकारी शिवशंकर पांडे, पतरातू के एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार मौजूद थे। वही इस मौके पर पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। वही 21 वर्षीय रोहित कुमार के घर वाले भी इस दौरान मौजूद रहे। उक्त आवास में दंडाधिकारी पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी पूर्वाहन 10:00 बजे के लगभग ही पहुंच गए पहुंचते ही मजिस्ट्रेट की देखरेख में दफनाए गए शव को बाहर निकालने की प्रक्रिया आरंभ की गई। जिस कमरे में शव को दफनाया गया था। उस कमरे के दरवाजे को पहले खोला गया। इसके बाद दफनाए गए शव को बाहर निकालने की प्रक्रिया आरंभ की गई। उक्त स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। हालांकि यह मामला लगभग ढाई महीना पुराना बताया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि पतरातू थाना क्षेत्र के पंच मंदिर पंचायत के पथ संख्या 33 आवास संख्या एफ -235 के अंदर एक युवक का शव पिछले ढाई महीने से दफनाया हुआ पाया गया है। जानकारी के अनुसार पतरातू के ग्राम बरतुआ निवासी नरेश महतो का पुत्र रोहित कुमार 21 वर्ष बीते 30 जून से लापता था। इस संबंध में नरेश महतो ने बताया कि उसका बेटा रोहित कुमार 24 जून को अपने ममेरे भाई दिलीप महतो जो रांची चुटिया का रहने वाला है। उसके घर रहने गया था। 30 जून को नरेश महतो की बेटी चंचल कुमारी ने अपने भाई को फोन कर घर आने को कहा। जिसके बाद चंचल कुमारी ने रोहित को रांची चांदनी चौक बस स्टैंड से रिसीव कर रामगढ़ ले गई। नरेश महतो के अनुसार चंचल कुमारी ने अपने भाई की हत्या कर शव को घर में दफन कर दिया था।

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल

# अफ्रीका के फिश फेस्टिवल रूप में दर्शाया जायेगा : रमेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दुर्गा पूजा आने में अब 13 दिनों से भी कम समय बचा है। रांची में इस साल भव्य दुर्गा उत्सव की तैयारी कर रहा है। दरअसल कोविड -19 महामारी प्रतिबंधों के कारण दो साल बाद मनायी जा रही दुर्गा पूजा को लेकर रांची वासियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। रांची के हृदय स्थली अल्बर्ट एक्का चौक के समीप चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति भव्य पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि इस साल श्रद्धालुओं के बीच पूजा पंडाल का प्रारूप अफ्रीका के फिश फेस्टिवल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा जो कोलकाता के कारीगरों द्वारा प्रारूपित किया जा रहा है। पूजा पंडाल को हुगला पत्ता, टोकरी और लकड़ी के द्वारा बनाया जा रहा है। पंडाल के अंदर सुशोभित मां भवानी की प्रतिमा भी अफ्रीका के फिश फेस्टिवल के तर्ज पर विराजमान होंगी। विद्युत सज्जा पूजा पंडाल एवं मां के दरबार के अंदर बेहद ही मनोरम रूप में होगा। पूजा पंडाल से जुड़े सभी निर्माण कार्य और साज-सज्जा की सभी कार्य कोलकाता के कारीगरों के द्वारा की जा रही है जिसकी कुल लागत लगभग 20 लाख रुपये के आसपास है। इसके अलावा आए श्रद्धालु और दर्शनार्थियों के लिए पूजा पंडाल परिसर के आसपास लजीज व्यंजन एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले की व्यवस्था भी की जा रही है। पूजा पंडाल से लेकर उसके आसपास के क्षेत्रों में पूजा के दौरान आए श्रद्धालु और दर्शनार्थियों के सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था समिति के द्वारा की जा रही है। इसमें सीसीटीवी कैमरा विशेष तौर पर रखा गया है।

# विहिप का आरोप-झारखंड में हिंदू लड़कियां सुरक्षित नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाल के दिनों में झारखंड में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार पर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विहिप ने कहा है कि झारखंड जिहादियों की गिरफ्त में चला गया है। जिहादी मानसिकता के आततायियों से हिंदू समाज की बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। इन लोगों का मन इतना बढ़ा हुआ है कि हमारे हिंदू भाइयों को भी निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। चाहे वह जनजाति समाज के हों या दलित समाज के। हिंदू समाज अब सहन करने की स्थिति में नहीं है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि हिंदू समाज सहनशील है, डरपोक नहीं। यदि इन घटनाओं की प्रतिक्रिया होने लगेगी, तो इन जिहादियों को भागने का भी मौका नहीं मिलेगा। इसलिए सरकार और पुलिस प्रशासन झारखंड में हो रही ऐसी घटनाओं पर रोक लगाये। अपने भाई बहनों की सुरक्षा के लिए हिंदू समाज को सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य न करें।

**कई घटनाएं तो समाज के सामने आ ही नहीं पाती :** बंसल ने कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए ट्वीट कर कहा कि बात चाहे रांची में एसआइ संध्या टोपनो को गोवंशी तस्करों द्वारा मार डालने की हो या खलारी में मुकेश सोनी की हत्या हो, बरही में रूपेश पांडे की निर्मम हत्या हो, चाहे वह जमशेदपुर में चयनिका कुमारी की वीभस्त तरीके से मारने की हो। दुमका में नाबालिग बेटी को शाहरुख द्वारा जलाये जाने की घटना हो या जनजाति समाज की लड़की से दुष्कर्म कर उसे पेड़ पर लटका देने की घटना हो। खूंटी में 15 वर्ष की आदिवासी बच्ची को फखरुद्दीन द्वारा गर्भवती कर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने की घटना हो, या हजारीबाग के बड़कागांव की घटना हो। इन जिहादियों का मन इतना बढ़ा हुआ है कि पलामू में महादलित परिवारों को उस जगह से बेघर करने का काम किया। हाल के दिनों में इस तरह की अनगिनत घटनाएं सामने आयी हैं।

**जिलों में लव और लैंड जिहाद की घटनाएं :** उन्होंने कहा कि झारखंड के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा जैसे जिलों में लव और लैंड जिहाद की घटनाएं बढ़ रही हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए की संख्या लगातार बढ़ रही है। आदिवासी बहुल इन जिलों में मुस्लिमों की आबादी लगातार बढ़ने के कारण जनसंख्या असंतुलन उत्पन्न होता जा रहा है। इस कारण इन जिलों में जिहादी गतिविधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां जब विपरीत होंगी तो हिंदू समाज अपनी सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरेगा। फिर जो परिस्थितियां उत्पन्न होंगी, उसे सरकार भी रोक पाने में सक्षम नहीं होगी। मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों को भी इस तरह की घटनाओं पर विचार करना चाहिए कि उसे कैसे रोका जाये। राज्य सरकार भी जल्द से जल्द इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाये और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

### स्कूल में घुस कर धमकी देने लगे हैं जिहादी

**विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं रोज हो रही हैं और प्रशासन मौन है, इस पर हिंदू समाज को सोचने के लिए विवश किया जा रहा है। कहा, बोकारो में रुस्तम अली द्वारा लव जिहाद की घटना हो या लोहरदगा में नाबालिग से दुष्कर्म कर रवानी अंसारी द्वारा उसे कुएं में धकेल कर मारने की घटना। रांची में हनुमान मंदिर पर हमला करने की हो या गढ़वा में दीपक सोनी द्वारा कसमुद्दीन अंसारी को गाली देने से मना करने पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा देने की घटना हो। जिहादियों का मन इतना बढ़ गया है कि रांची जिले के ओरमांझी स्थित एक स्कूल में जबरन घुस कर वहां की लड़कियों को दोस्ती करने, नहीं तो उठा लेने की धमकी दे रहे हैं। इन घटनाओं पर प्रशासन मौन है।**

### सीपीआइ की नयी जिला कमेटी का गठन, 23 से हजारीबाग में सम्मेलन

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआइ) का 24 वां रांची जिला सम्मेलन रविवार को प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत बाबूलाल झा ने झंडोत्तोलन कर किया। इस मौके पर शहीदों की वेदी पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता फरजाना फारुकी और लालदेव सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सचिव सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता शरीक हुए। इस मौके पर 25 सदस्यीय नयी जिला कमेटी का गठन किया गया। नयी कमेटी में सर्वसम्मति से अजय कुमार सिंह को फिर से जिला सचिव बनाया गया। वहीं हजारीबाग में आहूत 23 से 25 सितंबर तक होनेवाले राज्य सम्मेलन के लिए 11 प्रतिनिधि चुने गये। सम्मेलन में तय हुआ कि जन मुद्दों पर लगातार आंदोलन किया जायेगा साथ ही निर्णय लिया गया कि पार्टी की सदस्य संख्या दोगुनी की जायेगी। इसके अलावा जन संगठनों का भी विस्तार किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पीके गांगुली, अशोक यादव, डॉ राजेंद्र चौधरी एवं लाल देव प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर डॉ आरपी चौधरी, सच्चिदानंद मिश्रा, बलिराम साहू, एके रसीदी, लक्ष्मीकांत महतो, प्रवीण बानो, शुभा मेहता, वीरेंद्र मौजूद थे।

### कॉमिक्स किताब का हुआ विमोचन



**रांची (आजाद सिपाही)।** डब्ल्यू डब्ल्यू 3 एक दार्शनिक कहानी की किताब का विमोचन तरन्नुम संगीत संस्थान मोराबादी रांची में शनिवार को गजल गायीका डॉ मृणालिनी अखौरी ने किया। उन्होंने कहा कि कॉमिक्स का जुनून आज के समय में भी बच्चों में है। इस कॉमिक्स में विश्वयुद्ध और कोरोना काल की कहानियां है, जो आज के डिजिटल युग में भी बच्चों को कॉमिक्स के जुनून को दशार्ता है। इस मौके पर कॉमिक्स के संपादक अनादी अभिलाष ने कहा कि 90 के दौर में कॉमिक्स का प्रचलन बहुत था। आज के बच्चे टेक्नोलॉजी के दौर में कॉमिक्स पढ़ने का प्रचलन खत्म हो रहा है। इससे पढ़ने की संस्कृति को वापस लाना ही हमारा मकसद है। इस कॉमिक्स को दो भाषाओं हिंदी और अंग्रेजी में निकाला गया है। हिंदी में डब्ल्यू डब्ल्यू 3 और अंग्रेजी में इसका नाम डब्ल्यू डब्ल्यू 3 फिलोसोफर ऑफ कनफ्लिक्ट्स है। समाज में क्या चल रहा है मनुष्य का दायित्व क्या है अच्छाई और बुराई दुनिया को दिखाया गया है। इस कॉमिक्स के लेखक प्रदीप भट्टाचार्य, चित्र अमित अल्बर्ट, रंगसज्जा हरेंद्र सैनी, शब्दांकन रविराज आहूजा, संपादन एवं प्रकाशन अनादी अभिलाष है।

# एक घंटे के भीतर घायल की मदद करने पर पांच हजार का इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में आये दिन जिला परिवहन विभाग रोड सेफ्टी का कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। रविवार को सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने नेशनल क्रेडिट क्रॉप्स खेलगांव को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। एनसीसी के विद्यार्थियों को गोल्डन आवर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें बताया गया कि एक घंटे के अंदर किसी घायल व्यक्ति की मदद करने पर उसे पांच हजार रुपये का इनाम मिलेगा। विशेषज्ञ ने बताया कि आइएसआइ मार्क का हेलमेट सिर पर गंभीर चोटों की संभावना को 70 फीसदी तक घटाता है। हेलमेट अवश्य पहनें। जान है तो जहान है।

**क्या होता है गोल्डन ऑवर :** किसी भी तरह के रोड एक्सीडेंट के एक घंटे के दौरान घायल को अगर फर्स्ट एड मिल जाये, या किसी निजी अस्पताल तक पहुंचा दिया जाये तो आधे से अधिक घायलों की जान बच सकती है। यह एक घंटा घायल के लिए गोल्डन ऑवर होता है। चोट का पता तुरंत लग जाता है। इससे इलाज में आसानी होती है, इसलिए इस एक घंटे के समय का नाम गोल्डन ऑवर रखा गया है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव, डीआर एसएम जमाल अशरफ खान, रोड इंजीनियर गौरव कुमार उपस्थित थे।

### भाजपा महिला मोर्चा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# झारखंड की बहन-बेटियों पर राज्य सरकार का ध्यान नहीं : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आदित्य प्रकाश जालान प्रशिक्षण संस्थान कुदलोंग में रविवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर की अध्यक्षता में किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर के अंतिम सत्र के वक्ता के रूप में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा झारखंड की हालत ऐसी है कि यहां आए दिन बहन-बेटियों के साथ आपराधिक घटनाएं होती रहती हैं। मरांडी ने कहा कि सरकार का ध्यान झारखंड की बहन-बेटियों पर नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेटियों को आगे लाने के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं ताकि देश की बेटियां देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश की सांसद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह, कोडरमा विधायक नीरा यादव, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी तथा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री शामिल रहे।

### 24 घंटे के बाद भी नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सदमा स्कूल में लिपिक और लड़कियों से छेड़छाड़ और जान से मार देने की धमकी शनिवार को तूल पकड़ लिया। जब ग्रामीण काफी संख्या में सदमा उच्च विद्यालय मैदान में दोषियों को सजा देने के नाम पर जुटने लगे। ग्रामीणों की आक्रमक रवैया की जानकारी ओरमांझी पुलिस को मिली। ओरमांझी पुलिस तत्परता दिखाते हुए सदमा पहुंची। लिपिक और स्कुल प्रबंधन समिति के द्वारा फिरदौस अंसारी,सूहैल अंसारी, मुंज्मील अंसारी, जमील अंसारी पर शनिवार देर रात प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

### झारखंड मुगलिया सल्तनत की तरफ बढ़ रहा है: संजय सेठ



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने ओरमाझी स्थित प्रोजेक्ट विद्यालय के +2 स्कूल में घुसकर कुछ विशेष धर्म के लोगों द्वारा हाथ में रिवाल्वर लेकर वहां की छात्राओं को दोस्ती करने नहीं तो उठा कर ले जाने की धमकी देने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। श्री सेठ ने कहा झारखंड मुगलिया सल्तनत की तरफ बढ़ रहा है। राज्य का तेजी से इस्लामीकरण हो रहा है और सरकार सो रही है। तुष्टीकरण की राजनीति का परिणाम है कि ऐसे तत्वों का मनोबल बढ़ रहा है। विगत कुछ दिनों में राज्य के अंदर कई शर्मसार करने वाली घटना घट चुकी है और सरकार पिकनिक मनाने और विधायक दिल्ली में अंडर गारमेंट्स खरीदने में मस्त है। आखिर ऐसे लोगों को हिम्मत कहां से आती है। जब तक ऐसे लोगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होते रहेंगे तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेगी। सेठ ने सरकार से छात्रों और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने एवं उन युवकों पर अपहरण करने का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट लगाकर मुकदमा दायर कर उसे अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। सेठ ने कहा याद रहे बेटियों की हिफाजत नहीं करने वाले इतिहास बन जाते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जेसीआइ रांची उड़ान का बैडमिंटन टूर्नामेंट



**रांची (आजाद सिपाही)।** जेसीआइ रांची उड़ान द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन रविवार को बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया लीड्स एकेडमी के साथ इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया इस कार्यक्रम की संयोजिका जैसी कृति बुधिया एवं जेसी डोली केजरीवाल रही। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम रविवार को इसलिए रखा गया कि बहुत जन इसमें पार्टिसिपेट कर सके सभी ने मैच को बहुत इंजॉय किया और इसकी विनर रही रिंकू किला चौधरी जिन्होंने काफी अच्छा अपना परफॉर्मेंस दिया। जेसीआइ रांची उड़ान की अध्यक्ष सीए निधि सराफ ने कहा इस तरह के टूर्नामेंट होने से औरतें काफी ऊर्जावान रहती हैं इस तरह के कार्यक्रम जेसीआई रांची उड़ान हमेशा करवाते रहता है ताकि उनकी कला का प्रदर्शन होता रहे और कहीं ना कहीं उनका बचपन हमेशा उनके अंदर जिंदा रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष सीए निधि सराफ सचिव प्रिया पोद्दार अनीता अग्रवाल डोली केजरीवाल अंजलि अग्रवाल रिंकू चौधरी आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जैसी पूजा सरावगी ने दी।

### प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़गांई में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़गांई, रांची में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे विद्यालय के दानिश इकबाल, नावेद जिया, रिजवाना परवीन, अमर कुमार, शाहिद अंसारी, सादिया प्रवीण, गुलशबा प्रवीण, जीनत परवीन, मधु कुमारी, शिफा आरजू और शिफा परवीन का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन आफरीन परवीन, सादिया प्रवीण, अंजली कुमारी ने किया।

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एमआर साह एवं झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। प्रशासनिक भवन में तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया। इसके पश्चात मुख्य न्यायाधीश द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी। इस मौके पर उपस्थित उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दोनों न्यायाधीशों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

### श्री दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर युवा दस्ता की नयी कार्यकारिणी का गठन



**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा दस्ता की बैठक रविवार को युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में शिव मंदिर परिसर बड़ा तालाब में हुई। बैठक में श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2022 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता की वार्षिक चुनाव को संपन्न हुआ। युवा दस्ता 2022 के संगठन विस्तार को सर्वसम्मति से मुख्य सलाहकार समिति के उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया। नयी कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार समिति में किशोर साहू, राहुल सिंह चंकी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, लोकेश खलखो एवं लंकेश सिंह है। नयी कमेटी में अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू, उपाध्यक्ष पीयूष आनंद,राकेश सिंह, मुकेश कंचन,राजेश कुमार राम, महामंत्री आनंद शंकर मुंडा, मंत्री अभय सिंह, प्रेम वर्मा, संदीप रजक, युवा दस्ता के सभी क्षेत्रीय प्रभारी में हिनू अंकित सिंह, बड़गाई मनीष साहू,पुनदाग अमरदीप साहू,कोकर सागर पासवान, कांके सपन बोस,लोअर बाजार संदीप रजक, चुटिया उमा शंकर तांती,अपर बाजार शशांक शर्मा, रातू रोड टिंकू महतो शामिल है।

### भाजपा ने शंकराचार्य के निधन पर जताया शोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** द्वारका शारदा पीठ एवं ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी का निधन पर भाजपा के नेताओं ने शोक जताया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय ने शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी का निधन पूरी दुनिया के हिंदू समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

उधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि श्री द्वारका-शारदा पीठ व ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी का देवलोक गमन का अत्यंत दुखद समाचार मिला। सनातन धर्म के लिए यह अपूरणीय क्षति है। प्रभु उन्हें अपने श्रीचरणों में समाहित करें। ॐ शांति।

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा की नींद उड़ी



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का आज पांचवां दिन है। यह यात्रा 150 दिन चलेगी। यात्रा में उमड़ रही भीड़ और स्वागत से भाजपा के अंदर बौखलाहट का माहौल है। आने वाले समय में झारखंड के भी कई पार्टी कार्यकर्त्ता राहुल गांधी के साथ पदयात्रा में शामिल होगें। कांग्रेस सशक्तीकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि आज पांचवे दिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने भाजपा सहित उनकी राजनीतिक टीम की नींदें उड़ा दी है और जिस तरह से आम जनों की इस यात्रा में भागीदारी हो रही है। एक नये युग एवं एक नयी राजनीति का सूत्रपात हो रहा है। देश 2024 में राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ने का निश्चय करता जा रहा है। यात्रा के दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों की उमड़ती भीड़ अभूतपूर्व है। दक्षिण भारत ने अपना मंतव्य स्पष्ट कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा का मकसद बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर आम लोगों के बीच बहस और चर्चा छेड़ने की कोशिश है। जिसमें पांच दिनों में ही बड़ी सफलता मिली है। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि करीब 5 महीने तक चलने वाली इस यात्रा के क्रम में राहुल गांधी किसी होटल या सरकारी गेस्ट हाउस में नहीं रुक रहे हैं।

# एलएसी पर टूटा गतिरोध

पूर्वी लद्दाख सीमा पर स्थित गोगरा हॉट स्प्रिंग्स (पेट्रोलिंग पॉइंट 15) इलाके से भारत और चीन की सेनाओं के पीछे हटना शुरू कर देने की खबर राहत देने वाली है। सैन्य वार्ताओं के 16वें दौर में सहमति बनने के बाद पिछले दो साल से जारी गतिरोध के इस आखिरी प्वाइंट से सैनिकों का पीछे हटना संभव हुआ है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं माना जा सकता कि एलएसी पर अब सब कुछ ठीक हो गया है। अव्वल तो इस सहमति को लेकर भी संयुक्त वक्तव्य में डीटेल्स नहीं दिये गये हैं। इसलिए यह पूरी तरह साफ नहीं हुआ है कि सैनिकों के पीछे हटने का ठीक-ठीक क्या मतलब समझा जाये, लेकिन अगस्त 2021 में पीछे हटने पर बनी सहमति को आधार मानें तो उस बार सैनिकों के पीछे हटने के साथ ही दोनों पक्षों द्वारा किये गये अस्थायी निर्माण आदि को भी हटा दिया गया था। इसलिए उम्मीद है कि इस बार की सहमति के साथ भी ये बातें जुड़ी होंगी। दूसरी बात यह कि उसी क्षेत्र में विवाद के दो बड़े प्वाइंट डेमचोक और डेपसांग बरकरार हैं। उन पर कोई सहमति तो दूर अभी बातचीत भी शुरू नहीं हुई है। हालांकि इन्हें लेकर विवाद काफी पहले से है, इसलिए उन्हें पिछले दो साल से चले आ रहे विवादों के साथ मिला कर देखना जरूरी नहीं है। तीसरी और सबसे अहम बात यह है कि दोनों सेनाओं के पीछे हटने का मतलब यह जरूर है कि अब सैनिक बिल्कुल आमने-सामने तैनात नहीं होंगे, लेकिन सीमा पर दोनों तरफ से सेनाओं का जो असाधारण जुटान हो गया था, वह बना ही हुआ है। दोनों सेनाओं के पास अचानक उपजी किसी अप्रिय स्थिति का सामना करने के लिए बड़े पैमाने पर हथियार भी हैं। ऐसे में सीमा पर तात्कालिक शांति भले हो, तनाव में भी कुछ कमी आ जाये, लेकिन इसे खत्म नहीं माना जा सकता। यह तभी हो सकता है, जब दोनों पक्ष सीमा पर इकट्ठा हुए अतिरिक्त बलों को वापस लाने पर सहमत हो जायें। लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों में फिर से विश्वास बहाल करना होगा। एक बार विश्वास टूट जाने के बाद फिर से बनना आसान नहीं होता। जाहिर है, इसमें वक्त लगेगा। लेकिन इसी बिंदु पर यह ध्यान देने वाली बात है कि सैन्य बातचीत के 16वें दौर में सहमति की यह खबर ऐसे समय आयी है, जब अगले सप्ताह ही शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आमने सामने मुलाकात होनी है। हालांकि मौजूदा हालात में तत्काल किसी चौंकाने वाले घटनाक्रम की उम्मीद नहीं की जा सकती, अभी यह भी तय नहीं है कि दोनों नेताओं के बीच अलग से कोई मुलाकात या बातचीत होगी या नहीं, फिर भी सीमा से आयी खबर ने ऐसी किसी सकारात्मक पहल की संभावना तो बना ही दी है।

**मौजूदा हालात में तत्काल किसी चौंकाने वाले घटनाक्रम की उम्मीद नहीं की जा सकती, अभी यह भी तय नहीं है कि दोनों नेताओं के बीच अलग से कोई मुलाकात या बातचीत होगी या नहीं, फिर भी सीमा से आयी खबर ने ऐसी किसी सकारात्मक पहल की संभावना तो बना ही दी है।**

**प्रधानमंत्री जी का समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में जनभागीदारी के प्रति अटूट विश्वास है। इस सामूहिक शक्ति और एकता की लहर से क्या हम नया भारत बना सकते हैं, जो 2025 में टीबी (क्षयरोग) मुक्त हो? प्रत्येक व्यक्ति का एक छोटा सा प्रयास भी एक जन-आंदोलन को गति देता है। सरकार और जनता मिल कर जब कार्य करती है, तो कोई भी अभियान शत-प्रतिशत सफल होता है। इसके उदाहरण हैं - स्वच्छ भारत अभियान, कोविड टीकाकरण अभियान और हाल ही में संपन्न हर घर तिरंगा अभियान।**

# जनभागीदारी से टीबी मुक्ति की ओर भारत



**मनसुख मांडविया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा कहते हैं कि जब 130 करोड़ देशवासी एक साथ एक कदम आगे बढ़ाते हैं, तो पूरा देश 130 करोड़ कदम आगे बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री जी का समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में जनभागीदारी के प्रति अटूट विश्वास है। इस सामूहिक शक्ति और एकता की लहर से क्या हम नया भारत बना सकते हैं, जो 2025 में टीबी (क्षयरोग) मुक्त हो? प्रत्येक व्यक्ति का एक छोटा सा प्रयास भी एक जन-आंदोलन को गति देता है। सरकार और जनता मिल कर जब कार्य करती है, तो कोई भी अभियान शत-प्रतिशत सफल होता है। इसके उदाहरण हैं - स्वच्छ भारत अभियान, कोविड टीकाकरण अभियान और हाल ही में संपन्न हर घर तिरंगा अभियान।

हम एक देश के तौर पर इसी सामूहिक जनभागीदारी के मंत्र के साथ टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं। जब विश्व ने दुनिया सेटीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2030 का लक्ष्य रखा, तब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसी सामूहिक जनभागीदारी में विश्वास रखते हुए भारत कोटीबी मुक्त करने के लिए दुनिया से पांच वर्ष पहले यानी कि वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया। इसी लक्ष्य के संदर्भ में भारत सरकार ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नि-क्षय पोषण योजना की शुरुआत की। जिसमें 2018 से जून 2022 तक 62.71 लाख टीबी रोगियों को 1,651 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी है। इसमें डीबीटी के माध्यम से टीबी रोगियों को 500 रुपये कि राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचाना भी शामिल है, जिससे उन्हें अपनी पोषक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है।


**2018 से जून 2022 तक 62.71 लाख टीबी रोगियों को 1,651 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी है।**

मैं इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का उल्लेख भी करना चाहूंगा, जिन्होंने टीबी से पीड़ित मरीजों को गोद लेने का अभियान चलाया और उस अभियान को अपार सफलता मिली।

उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर टीबी के इस अभियान को आगे और मजबूती प्रदान करते हुए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय 2.0 पोर्टल शुरू किया है। इस अभियान का शुभारंभ राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मु ने 9 सितंबर, 2022 को किया है। यह पोर्टल टीबी मरीजों को सामुदायिक सहयोग देने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। इस पोर्टल पर जाकर समाज का कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीजों की मदद नि-क्षय मित्र बन कर कर सकता है।

इस अभियान का एक मुख्य भाग है टीबी मरीजों को गोद लेना। जिसका मूल उद्देश्य है कि हम समाज में टीबी मरीजों के प्रति प्रचलित भेदभाव को मिटा सके, टीबी से जूझ रहे लोगों के साथ हाथ मिलाना है, उनके लिए पोषण और सामाजिक समर्थन सुनिश्चित कर सकें तथा उनको सामान्य जीवन जीने में सहयोग कर सकें।टीबी मरीजों की सहायता हेतु नि-क्षय 2.0 पोर्टल (https://communitysupport.nikshay.in/) पर लॉग-इन कर सामुदायिक सहयोग कर सकते हैं। इस पहल के तहत कोई भी व्यक्ति, सहकारी संस्थाएं, कॉर्पोरेट जगत, गैर-सरकारी संगठन, राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि भीटीबी रोगियों को सहायता प्रदान करने के लिए गोद ले सकते हैं।

टीबी मरीजों को तीन प्रकार से मदद की जा सकती है। पहली मदद, उनके पोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए पोषण आवश्यकता अनुसार पौष्टिक खाद्य सामग्री एक पोषण किट के रूप में उपलब्ध कराना। दूसरी मदद, अतिरिक्त लैब आधारित जांच में सहायता देना। तीसरा सहयोग, टीबी मरीजों को रोजगार प्राप्त करने के लिए जरूरी व्यवसायिक कौशल वर्धन द्वारा उनका क्षमता निर्माण करके रोजगार देने के लिए आगे आना। भारत के किसी भी जिले या ब्लॉक में टीबी रोगियों को आप न्यूनतम एक साल और अधिकतम तीन साल तक गोद लेकर उनका सहयोग कर सकते हैं।



**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में देशवासी उस गिलहरी से प्रेरणा लेकर इस ईश्वरीय कार्य से भारत को टीबी मुक्त बनाने में एक बहुत बड़ा सेवा कार्य कर सकती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के इस मूलमंत्र से, मानवता का यह कार्य करने के लिए, इस जन-आंदोलन में आप अवश्य जुड़ेंगे और 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कर देंगें।**

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ़्त दवाई, टीबी संबंधित विविध मुफ़्त जांच तथा कई प्रकार की अन्य मदद भी की जाती है। परंतु मेरा मानना है कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप सभी की जनभागीदारी एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगी।

मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि जन-आंदोलन को सही मायने में साकार करने के लिए इस मिशन का हिस्सा बनें और टीबी के खिलाफ देश की इस सामूहिक लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनें। जैसे हम कोविड के विरुद्ध सशक्त लड़ाई लड़ रहे हैं, उसी प्रकार टीबी उन्मूलन के लिए भी सामुदायिक समर्थन से एकसंगठित लड़ाई लड़ेंगे।

मैं आज आपके सामने रामायण का एक अंश साझा करना चाहूंगा। जब प्रभु श्री राम लंका जाने के लिए पुल का निर्माण कर रहे थे, तब मदद के लिए एक गिलहरी भी आई। प्रभु श्री राम ने उसके इस छोटे से योगदान को भी सराहा।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में देशवासी उस गिलहरी से प्रेरणा लेकर इस ईश्वरीय कार्य से भारत को टीबी मुक्त बनाने में एक बहुत बड़ा सेवा कार्य कर सकती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के इस मूलमंत्र से, मानवता का यह कार्य करने के लिए, इस जन-आंदोलन में आप अवश्य जुड़ेंगे और 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कर देंगें। टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

**(लेखक : भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं खाद मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# गणेश जी की कृपा हम सबों पर बनी रहे : काले



### कदमा गणेश महोत्सव के महाआरती में शामिल हुए काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर श्री बाला गणपति विलास, कदमा में हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक सह झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने पूजा पंडाल में उपस्थित होकर स्थापित गणेश प्रतिमा के पूजन एवं महाआरती करके अराधना की जिसमें भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि श्री गणेश जी की कृपा हम सबों पर बनी रहे, ऐसे आयोजन में शामिल होकर भक्ति रस में आनंदित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, विघ्नहर्ता के दर्शन, आशीर्वाद के साथ साथ आयोजकों के स्नेह के लिए धन्यवाद जोहार। इस मौके पर अध्यक्ष बी आनंद राव, कार्यकारी अध्यक्ष वाई गुरुनाथ राव, वाइके शर्मा, गणपत राव, एम शिव मनी, बी बासुदेव राव, टी अंजी कुमार राव, एस सत्या राव, पी कृष्णा राव, पी गिरीश्रवर, के वेंकट राव, बी प्रकाश राव, एस कार्तिक राव, बी विजय कुमार, एसएनआर नायडू, के नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# ठाकुर अनुकूल चंद्र का जन्मोत्सव मनाया



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड के मानुषमुड़िया में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रविवार को आश्रम से जयदेव दास और शिव शंकर बारिक के नेतृत्व में झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी। आश्रम परिसर से निकली शोभायात्रा गांव का परिभ्रमण कर ते हुए आश्रम पहुंचा। आश्रम में विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। मौके पर सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। शोभा यात्रा में धीरेंद्र नाथ चांद, गोपाल बेरा, सदानंद पातर, नंदलाल पातर, शंभू नाथ सीट, विधान चंद्र साहू, मुकुंद चांद, गोपाल चंद्र चंद, शक्ति पूजा मंडल, शीतल मंडल, निभा मंडल, भंव रंजन महाकुड़, मनोरंजन दास, पूर्णिमा दास, चाइना बारिक, शंभू बारिक, गोविंदा माहिती, पारुल माईती केदार राणा, जयंत राणा, सुशील बेरा, बुलबुल मंडल,पोरान गोप, विनोद पातर, जगन्नाथ पातर, जसोदा पान, नंदलाल पातर समेत सैकड़ों पुरुष एवं महिला श्रद्धालु शामिल हुए।

# जेइइ 2022 में नारायणा के 38 छात्रों को सफलता

## जमशेदपुर के श्रीजन रंजन ने जेनेरल कटेगरी में 1223वां स्थान प्राप्त किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आइआइटी नीट एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने पुन एक बार जेइइ - 2022 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा जमशेदपुर सेंटर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा ऑल इंडिया जेनरल कटेगरी रैंकिंग में नारायणा के विद्यार्थियों ने प्रथम आरके शिशिर, द्वितीय लक्ष्मी एस रेड्डी, चौथा बीएस सिद्धार्थ, आठवा धीरज के, दसवा घना महेश, ग्यारहवां देव्यांशु मलु और बारहवा नदन मंजु नाथ स्थान हासिल किया है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में रिजल्ट जांचे जाने तक 38 छात्र सफल हुए है। सफल छात्रों की सूची जारी की गई की है।

नारायणा जमशेदपुर से जेइइ एडवांस 2022 में सफल छात्र-छात्राओं में श्रीजन रजन जेनरल - 1223, कशिश अग्रवाल जेनरल - 1762, आदित्य आर्या जेनरल - 2533, राजप्रिया रानी जेनरल - 5811, तापस सिंह 837, शेखर मुर्मु -1386, अकित राज- 1504, अनिकेत रजक -1572, आदर्श कुमार -4936, श्रुति अर्पणा 6565, अभिनव -7409, अभिजीत कुमार कटेगरी-7393, प्रेम कुमार लोहारी -8214, सिद्धार्थ राज - 9502, रिषीराज कुण्डु -12667, सौरब दुबे - 14842, स्तुति बनर्जी- 15812, हर्ष श्रीवास्तव -21271, आर्यन प्रतीक - जेनरल-27276 और आर्यन तिवारी जेनरल - 27449 शामिल है।

नारायणा आइआइटी नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक बातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेंडर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है।

श्याम भूषण ने कहा नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैकिंग का पता चलता है। जमशेदपुर सेंटर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को केवल अपने कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कंप्टीशन नहीं बल्कि उनका कंप्टीशन पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से हो रही है। उन्होंने कहा नारायणा न केवल इंजिनियरिंग एवं मेडिकल इन्स्टीच्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणा अपनी इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है।

## मां निराश सेवा समिति के जांच शिविर में पहुंचे विधायक, 120 को मिला लाभ

# ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाना सराहनीय : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर प्रखंड स्थित उत्तर पूर्वी गदरा ग्राम पंचायत में मां निराश सेवा समिति की ओर से एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को आइडी मैरिज हॉल में आयोजित कैंप में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि बागबेड़ा क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कविता परमार, सम्मानित अथिति सामाजिक सेवा संघ के संरक्षक राजेश सामंत एवं विश्वजीत भगत शामिल हुए। मां निराशा सेवा समिति के अध्यक्ष बिरजू पत्रों के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। अतिथियो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य जांच की गयी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने मां निराश सेवा समिति के कार्य का सराहना की। विधायक ने सभी डॉक्टर्स के टीम से अनुरोध किया प्रत्येक महीना एक डेट तय कर हेल्थ कैंप को सुचारू रूप से चलाया जाए ताकि क्षेत्र के जरूरतमंद जनता को इसका लाभ मिल सके। इस हेल्थ कैंप में एक सो बीस लोगो ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर डॉक्टर रेणुका शर्मा के द्वारा निशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में पंचायत समिति सदस्य संजू पत्रों, मुखिया जूही बेसरा, गोविंदपुर के पंचायत समिति सदस्य सतवीर बघे, वार्ड सदस्य ममता साह, कृष्णा दास, सपना सह,मनोज दास, तुड़कु दिग्गी, इद्रदेव सिंह, पूनम, संतोषी, तृप्ति मित्रा, बबलू महतो, गोविंद स्वर्णकार शामिल रहे।

# सिंहभूम चैंबर ने साइबर ठगों से जागरूक होने की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उपायुक्त व एसएसपी को साइबर क्राइम पर ध्यान आकृष्ट कराया। चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा आजकल साइबर ठगी करने वाले लोग जनता को चूना लगाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। सायबर ठगी करने वाले इन दिनों बिजली उपभोक्ताओं के नंबर पर एसएमएस या फिर वॉहट्सप मैसेज भेजकर बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देते हुए बिजली बिल जमा करने की बात कह कर चूना लगा रहे है। आये दिन देखा जा रहा है लोग इस तरह के फ्रॉड के चक्कर मे फस रहे है। सायबर ठग के झांसे में आकर लोग अपना नुकसान कर बैठते हैं। उन्होंने व्यपारियो,उद्यमियों एवम गृहिणी से इस तरह के ठग के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा इस तरह के मैसेज जुस्को या अन्य किसी संस्थान से मैसेज नही भेजा जा रहा है। लेकिन लोग समझ नहीं पाते और झांसा में फस जाते। सिंहभूम चैम्बर ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृषित करवाते हुए रोक लगाने की अपील की।

# 21 कुष्ठ आश्रमों में सरकारी योजनाओं का पहुंचा लाभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कुष्ठ आश्रमों में निवास करने वाले लोगों के लिए 5 दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिबिर का समापन हो गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर 21 कुष्ठ आश्रमों में निवास करने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में 291 लोगों का आवेदन प्राप्त किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित कुष्ठ रोगियों का स्वास्थ्य जांच के दौरान 16 मरीजों के बीच एमसीआर चप्पल वितरण किया गया। उपायुक्त विजया जाधव ने बताया शिविर के माध्यम से कुष्ठ रोगियों के सामाजिक उत्थान एवं सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से सरकार की योजनायो का लाभ पहुचाया गया। साथ ही जो वंचित लोग थे, उनमें शत प्रतिशत अच्छादित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया शिविर के माध्यम से सरकार के पेंशन योजना से वंचित कुष्ठ रोगियों को लाभ पहुचाया गया। साथ ही राशन कार्ड से नाम हटाना, जोड़ना,आधार कार्ड, आभा आइडी, आवास योजना का लाभ तथा जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र बनाना, शिक्षा, कल्याण विभागीय व अन्य योजनाओं को लेकर आवेदन शिविर से प्राप्त किया गया। 5 दिवसीय शिविर में कुल 291 आवेदन प्राप्त किया गया। उपायुक्त ने कैंप के सफल संचालन को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारी में सिविल सर्जन, बीडीओ और सीओ आदि की सराहना की।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



**महत्वपूर्ण न्यूज**

## जिला प्रशासन पर खजुरी के रैयतों ने लगाया लापरवाही का आरोप, आंदोलन का लिया निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 बाईपास निर्माण कार्य में ग्राम खजुरी खाता-75 प्लॉट-832 में किए गए भूमि अधिग्रहण का मुआवजा अभी तक भुगतान नहीं नहीं किया गया है। गढ़वा जिला प्रशासन द्वारा चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी जिसमें रैयतीकरण करने का निर्णय लेना था, परंतु अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जबकि जिला प्रशासन के द्वारा गठित कमेटी के सभी पदाधिकारी रैयतीकरण के विषय में निर्णय लेने में उदासीन हैं और जिला प्रशासन द्वारा लगातार टाल-मटोल कर ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों ने काफी आक्रोश व्यक्त किया। इसी सिलसिले में ग्रामीणों ने अरंगी मोड़ पर बैठक कर आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के अंदर रैयतीकरण कर मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में रवि प्रकाश उर्फ लड्डू, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत दुबे, अशोक दुबे, चंद्रेश्वर चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, राजेंद्र दुबे, अशोक दुबे, शम्भू नाथ दुबे, मंजीत तिवारी, मदन कुमार ठाकुर, कृष्णा यादव, जितेंद्र यादव, अमित गुप्ता, गोपाल ठाकुर, हरि प्रसाद बिंद, रामाशंकर ठाकुर, शशि कुमार शाह, राजेश कुमार, गौरी शंकर बिंद, प्रताप पांडे, अरुण चौधरी, सत्येंद्र यादव, शंकर बिंद, अरुण यादव, हरिओम प्रकाश सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सखी मंडल ने निकाली जागरूकता रैली



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह कलस्टर के लोहड़गड़ा आजीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा जल छाजन भवन से राजकीय मध्य विद्यालय तक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस अभियान के माध्यम से गरीब, दिव्यांग, वृद्ध एवं पीवीटीजी को सखी मंडल में जोड़ कर स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जागरूक करना है। विदित हो कि पूरे भारत में डे एनआरएलएम अंतर्गत सितंबर 2023 तक 10 करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों को सखी मंडल से जोड़कर तथा सखी मंडल को ग्राम संगठन और ग्राम संगठन को संकुल स्तरीय संगठन में संगठित कर मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। छूटे हुए सभी योग्य पात्र को सखी मंडल एवं सखी मंडल के ग्राम संगठन में तथा सखी मंडल एवं ग्राम संगठन को उसके उच्चतर और संगठन से जोड़ने में तेजी लाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने 7 सितंबर से 20 सितंबर तक पूरे भारत में एक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में सखी मंडल से जुड़कर स्वरोजगार से जोड़ना है। इस मौके पर आईपीआरपी भोला उरांव, अध्यक्ष ज्योति देवी, सचिव अमिशा कुमारी, ललिता देवी, एपीएस संगिता देवी,ए केएस आरती देवी, ललिता देवी सहित अन्य महिलाए उपस्थित थे।

## संत जीपी विद्यालय प्रबंधन ने पौधरोपण जागरूकता को लेकर पौधों का किया वितरण



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संत जीपी विद्यालय के प्रांगण में पौधरोपण जागरूकता को लेकर सैकड़ों मिश्रित पौधे का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रमना प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि आज पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। जिसके कारण समयानुसार वर्षा नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों में मायूसी देखी जाती रही है। जिसे लेकर हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है, ताकि वातावरण को संतुलित बनाया जा सके। प्रमुख करुणा सोनी ने विद्यालय के इस तरह के कार्यक्रम पर प्रबंधक को बधाई दी है। वहीं डाक्टर पारसनाथ ने कहा कि पेड़ पौधे के अभाव में लोगों को शुद्ध पर्यावरण नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि शुद्ध वातावरण व जल स्तर को बनाए रखने के लिए हम सभी को पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहित रंजन, चंदा कुमारी, बेबी कुमारी, शिक्षक केके ठाकुर, इम्तियाज अंसारी, स्वाति कुमारी, आकाश चौधरी, विकास कुमार सहित कई संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

**कार्यक्रम : जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति ने किया शिक्षक सम्मान समारोह**

# जिले भर से चयनित पांच शिक्षकों को किया सम्मानित

**भारत में अन्य देशों की तुलना में शिक्षकों को सम्मान बहुत कम मिलता है : सांसद**

**शिक्षकों का कार्य एवं दायित्व सबसे बड़ा और जिम्मेवारी वाला है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति ने आज एक भव्य समारोह आयोजित कर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया एवं जिले भर से चयनित पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। चयनित शिक्षकों में डीएवी पब्लिक स्कूल नगर उंटारी से राजकिशोर विश्वकर्मा, सरस्वती ज्ञान मंदिर विशुनपुरा के विश्वनाथ प्रताप सिंह, किशुनराज पब्लिक स्कूल बलियारी के महेंद्र कुमार मिश्रा और ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा की श्रीमती गीता पांडेय को मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम ने शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम, समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सचिव एमपी केशरी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गयी। तत्पश्चात ब्राइट फ्यूचर स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि भारत में अन्य देशों की तुलना में शिक्षकों को सम्मान बहुत कम मिलता है। शिक्षकों को सम्मानित कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज इन विद्वान शिक्षकों के बीच उपस्थित हूं। सांसद ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भारत में अभी अनुसंधान का जितना जरूरत है उतना नहीं हो रहा है और इन विद्वान शिक्षकों की बदौलत ही यह पूरा होगा। उन्होंने शिक्षकों को मिल रहे कम सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दूसरे देशों में शिक्षकों को हर जगह प्रथम पंक्ति में बैठा कर सम्मानित किया जाता है, क्योंकि ये राष्ट्र निमार्ता हैं। आज मैं राष्ट्र निर्माता के बीच अपने आपको पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। वहीं समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि हर कोई शिक्षक नहीं हो सकता। शिक्षकों का कार्य बहुत बड़ा एवं दायित्व बड़ी जिम्मेवारी वाला है। शिक्षकों के मन में किसी प्रकार के भेदभाव एवं दुविधा नहीं होनी चाहिए। आप सबों का एकमात्र लक्ष्य देश निर्माण के लिए वर्ग कक्ष में छात्र के भविष्य को गढ़ना है। अध्यक्ष ने समन्वय समिति के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि यह समिति राज्य की एकमात्र समिति और संस्था है, जो सभी के हित की बात करती है एवं उनके लिए कार्य करती है।

समिति के सचिव एमपी केशरी ने कहा कि बदलते परिवेश एवं परिस्थिति के साथ शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी तय करनी है और छात्र हित और देश हित में कार्य करना है। इसके पूर्व समिति के कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने समिति के उद्देश्य और कार्य पर प्रकाश डाला। संजय सोनी ने समिति के द्वारा आगामी कार्य योजना के बारे में बताया।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, दिलीप कश्यप, अशोक दुबे, सुधीर पाठक, मोजीब खां, अनिल विश्वकर्मा, कुमार चंद्र भूषण सिन्हा, अमित सिंह, कमलेश दुबे, ललन साहू, श्रवण कुमार, यासीन मलिक, आदम अंसारी, आनंद कुमार पंकज, भोलानाथ साहू के साथ-साथ जिले भर के सभी निजी विद्यालय के निदेशक और शिक्षक उपस्थित थे।

## विधायक ने किया बिशुनपुरा नगर उंटारी पथ का शिलान्यास



**इंटर तक की पढ़ाई के लिए दो करोड़ की लागत से भवन के निर्माण की निविदा जल्द निकाली जाएगी : भानु**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुरा।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को प्रखंड के पिपरी कला बाजार में बिशुनपुरा कोचेया मोड़ से बंशीधर नगर तक 10 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास एवं भूमिपूजन ग्रामीण राजदेव बियार (डबल सिपाही) के हाथों कराया।

मौके पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आज समाज एवं राज्य को विकास के बदले विनाश की ओर ले जाने वाली सरकार सत्तासीन है। जिससे चारों ओर हाहाकार मचा हआ है। आज 10 करोड़ की लागत से जिस सड़क का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया जा रहा है, यह पिछले 12 वर्ष पूर्व मेरे ही कार्यकाल में बनायी गयी थी। लेकिन सरकार की गलत बालू नीति के कारण बालू को लूटने आये बाहर के लुटेरों ने सड़क को बर्बाद कर दिया। सड़क का निर्माण मेसर्स आनंद इंफ्रास्ट्रक्चर गुमला द्वारा किया जायेगा। प्रखंड की चिरपरिचित मांग कोठीलवा बांध को पाइपलाइन से जोड़कर खेतो में पानी पहुंचाने का कार्य जल्द ही शुरू होगा। इसके अलावे प्रखंड में इंटर तक की पढ़ाई के लिए दो करोड़ की लागत से भवन के निर्माण की निविदा जल्द निकाली जाएगी। इसके पूर्व विधायक ने चितरी गांव स्थित चेड़ीदाई स्थान पर पूजा अर्चना की। कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल यात्रा निकाल कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम को लक्ष्मन राम भगत, दयानंद यादव, उपेंद्र दास ने भी संबोधित किया। मौके पर बिशुनपुरा मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, जिला अनुसूचित जाति उपाध्यक्ष सह पिपरी कला मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान विक्रांत सिंह, लातेहार संगठन प्रभारी दयानंद भगत, रमुना विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, खरौंधी महामंत्री संध्या कर विश्वकर्मा, खरौंधी विधायक प्रतिनिधि, उपेंद्र दास, धर्मेंद्र सिंह, उज्वल नारायण सिंह, जय सिंह, श्रवण चौरसिया, अवधेश चंद्रवंशी, मुकेश वियार, राम अवध सिंह, रूपेश सिंह, उदय सिंह, चंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## घायल दीपक सोनी को मिले न्याय व आरोपी पर हो कार्रवाई : दुर्गा जौहरी

**अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने सदर अस्पताल में पीड़ित से मिलकर स्थिति की जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित आशीर्वाद मैरिज हॉल में अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी का आगमन हुआ। मौके बंशीधर नगर के चितविश्राम निवासी दीपक सोनी जिनके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जान से मारने का प्रयास किया गया था, उनसे सदर अस्पताल में जा कर स्थिति की जानकारी ली और उन्हें हर तरह की मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं आशीर्वाद मैरिज हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि अभियुक्त के ऊपर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही कसमुद्दीन अवैध तरीके से पेट्रोल-डीजल का व्यापार किया करता था। यह प्रशासन की लापरवाही है। अगर उसे पहले रोक दिया जाता तो यह पेट्रोल छिड़ककर हमला करने जैसी घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि संघ झारखंड सरकार से मांग करता है कि दीपक सोनी को एक लाख रुपया मुआवजा दिया जाए। ताकि उस गरीब के घर का दो वक्त निवाले की व्यवस्था हो सके। क्योंकि वह निहायत गरीब है। जख्मी युवक दूसरे की गाड़ी चलाया करता था। कसमुद्दीन अपराधिक छवि का व्यक्ति है। जिसके ऊपर पहले से 15 से 20 केस दर्ज हैं। जो जेल भी जा चुका है। उन्होंने कहा कि संघ यह मांग करता है कि सुपरविजन कर सारे केस को खोला जाए। अपराधी चरित्र के उस व्यक्ति पर एक अलग से अवैध रूप से पेट्रोल बेचने का केस दर्ज किया जाये। साथ ही उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। ताकि ऐसी घटना की समाज में फिर से पुनरावृति ना हो। इसके अलावा समाज के लोग वैसे लोगों को चिन्हित करें जो समाज में मतभेद पैदा करने का काम कर रहे हैं। उनको सामाजिक तौर पर बहिष्कार करें। जिससे समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचे और आपसे में प्रेमभाव बना रहे। वहीं गढ़वा जिला स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष दौलत सोनी एवं महामंत्री अनिल सोनी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि घायल दीपक सोनी को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए। अपराधी द्वारा घायल दीपक पर जो एफआईआर किया गया है उसकी सत्यता की जांच की जाए। मौके पर स्वर्णकार संघ से जुड़े सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## सरकार और फार्मा कंपनियों की मनमानी नीति के विरोध में रांची में धरना-प्रदर्शन रैली 19 को

**बीएसएसआर यूनियन की बैठक में होने वाली परेशानियों से मेडिकल सेल्स प्रतिनिधियों को कराया गया अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कृष्णा हरि होटल में बीएसएसआर यूनियन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीएसएसआर यूनियन के राष्ट्रीय पदाधिकारी सुब्रता विश्वास ने बीएसएसआर की उपलब्धियों से अवगत कराया। किस तरह से राज्य और केंद्र सरकार के नीतियों से होने वाली परेशानियों से मेडिकल सेल्स प्रतिनिधियों को अवगत कराया। साथ ही साथ बैठक में इस बात को प्रमुखता से रखा कि किस तरह सरकार और फार्मा कंपनियां अपने लाभ हेतु मनमानी नीतियां पारित करके मेडिकल सेल्स प्रतिनिधियों का मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण कर रही हैं। सरकार और फार्मा कंपनियों की इस मनमानी नीति के विरोध में 19 सितंबर 2022 को एक दिवसीय धरना एवं रैली प्रदर्शन रांची में आयोजित की गई है। जहां सभी झारखंड के मेडिकल प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि विभिन्न कंपनियों के फार्मा सेल्स प्रतिनिधि रांची आयें और झारखंड सरकार का ध्यान हमारे प्रस्ताव की ओर आकर्षित करें और तत्काल प्रभाव से लागू करें। यूनियन की सात सूत्री मांगों में झारखंड राज्य में कार्यरत सेल्स प्रमोशन कर्मचारी के लिए न्यूनतम मजदूरी रुपये के रूप में घोषित करने, बिहार के राज्यपाल द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) की धारा 22-एफ की उप-धारा (1) के तहत अधिसूचना जारी करने के लिए 'एस.ओ.1071, 3 अगस्त 1973' राज्य संभाग के समक्ष और झारखंड राज्य में एक ही अधिसूचना घोषित की जा सकती है ताकि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आने वाले श्रमिकों को मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 का भी लाभ मिल सके सहित मांगें शामिल हैं। इसके अलावा सभी पात्र कामगारों को सामाजिक सुरक्षा जैसी ईएसआई सुविधाएं सुनिश्चित करने, पीएफ सुनिश्चित करने के लिए, उपदान, कानूनी प्रावधानों के अनुसार पारिवारिक पेंशन, बोनस आदि शामिल हैं।

बैठक में बीएसएसआर यूनियन के पदाधिकारी सुब्रतो विश्वास दिवाकर पांडे, संजीव मिश्रा और विभिन्न फार्मा कंपनियों के सेल्स प्रतिनिधि प्रतिनिधि नीलेश तिवारी, अनूप कुमार, बबलू कुमार, तरुण कुमार चौबे, मनीष कुमार, नीरज पांडे, रामकृष्ण शुक्ला, पीयूष सेन, अमरनाथ सिंह, दिव्य प्रकाश शुक्ला आदि शामिल थे।

**बैठक : भाजपा श्री बंशीधर नगर मंडल ने हिंदुओं के साथ घटित घटनाओं पर जतायी चिंता, कहा**

# गढ़वा एसपी आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलायें

**पीड़ित दीपक सोनी को न्याय नहीं मिला तो भाजपा आंदोलन करने को विवश हो जाएगी**

**आग लगाने वाला कसमुद्दीन पर कई आपराधिक मामलों में थाना में केस दर्ज हैं, फिर भी थाना प्रभारी पीड़ित पर ही मुकदमा दायर करते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी श्री बंशीधर नगर, नगर मंडल की आकस्मिक बैठक नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर की गयी। जिसमें दिन-प्रतिदिन झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों में मुस्लिम समुदायों के द्वारा की जा रही घटना पर चिंता व्यक्त की गई। दुमका की घटना अभी शांत हुई नहीं थी कि दूसरी घटना गढ़वा जिला के बंशीधर नगर प्रखंड के ग्राम चितविश्राम में भाजपा समर्थक दीपक सोनी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई गई। आग लगाने वाला व्यक्ति कसमुद्दीन अपराधी छवि का है तथा कई प्रकार का आपराधिक मामलों में पहले से थाना में इसके ऊपर कई केस दर्ज हैं। इसके बावजूद वह इस तरह के जघन्य अपराध किये जा रहा है। दीपक सोनी जैसा निर्दोष व्यक्ति को अपराधी पेट्रोल छिड़ककर आग लगा देता है और थाना में थाना प्रभारी द्वारा दीपक सोनी पर भी मुकदमा दायर कर दिया जाता है। इससे अपराधियों का मनोबल दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। इस तरह की घटना पूरे नगर उंटारी के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वीडियो में साफ प्रतीत हो रहा है कि कसमुउद्दीन अंसारी ने दीपक सोनी पर पेट्रोल डालकर आग लगायी गयी, फिर भी थाना प्रभारी के द्वारा दीपक सोनी पर केस दर्ज किया गया। इस घृणित कार्य का मंडल कार्यसमिति श्री बंशीधर नगर पुरजोर निंदा करती है और पुलिस अधीक्षक गढ़वा से मंडल कार्यसमिति मांग करती है कि पीड़ित दीपक सोनी पर हुए मुकदमे को हटाया जाए और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलायें। अगर पीड़ित दीपक सोनी को न्याय नहीं दिलाया गया तो, भारतीय जनता पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएगी।

बैठक में उपस्थित पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल, नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, जिला महामंत्री विकाश स्वदेशी, जिला कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, संजय कांस्यकार, अविनाश कुमार, लाला पासवान, मंडल महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद, मंडल कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो नेताओं ने दीपक सोनी के परिजनों से मिलकर सरकार से सहयोग दिलाने का दिया आश्वासन

**घटना काफी निंदनीय है, जो दोषी है उसपर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे : अनंत प्रताप देव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चितविश्राम में शुक्रवार की शाम पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर युवक दीपक सोनी को मारने की कोशिश की घटना के बाद रविवार को झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शैलेश चौबे ने पीड़ित परिवार के घर जाकर मुलाकात की। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलकर घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि दीपक सोनी एवं उनके एक साथी पर जो मुकदमा किया गया है उसे वापस कराने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने नगर उंटारी डीएसपी से फोन पर बात भी की। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी सहयोग होगा पीड़ित परिवार को दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करूंगा। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि घटना काफी निंदनीय है, जो दोषी है उसपर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे।बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि कुछ राजनीतिक लोगों के द्वारा इस घटना को राजनीतिक तूल देने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन यहां की जनता काफी समझदार है इसके लिए हम चितविश्राम एवं नरही की जनता को धन्यवाद देते हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, ताहिर अंसारी, निर्मल पासवान, लल्लू राम, सुरेंद्र गुप्ता, अमरनाथ पांडेय, मुखिया पति कमलेश सोनी, मुन्ना खान, संजय पांडेय, ओमप्रकाश चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन एनके एरिया की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** ट्रक ऑनर एसोसिएशन एनके एरिया द्वारा केडीएच कांटा घर के पास रविवार को बैठक की गई। जिसमें ट्रक ऑनर एसोसिएशन से जुड़े सदस्य और ट्रक मालिक शामिल हुए। बैठक में ट्रक मालिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। सभी स्थानीय ट्रक मालिकों ने प्राथमिकता के आधार पर कांटा घरों में ट्रक लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बाहर से आने वाले ट्रकों पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने का निर्णय लिया गया। विकास कुमार ने कहा कि रोड सेल में कोयले की कमी होने के कारण ट्रक मालिकों के ऊपर संकट गहरा गया है। इससे ट्रक मालिकों के रोजगार पर बुरा असर पड़ रहा है। इस परिस्थिति में बाहर से आने वाले ट्रकों के कारण काफी परेशानी हो रही है। लिफ्टरों द्वारा दो तरह के भाड़े का भुगतान किया जा रहा है, जो गलत है। लिफ्टर को सभी ट्रकों को एक तरह का भाड़ा देना होगा, नहीं तो वैसे लिफ्टर को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। बैठक में सोमवार को डकरा स्टेडियम में ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी ट्रक मालिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

### खूंटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज, घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज

# पड़गांव आश्रम में जमीन विवाद को लेकर लोगों का हमला, एक घायल

**महंत बाबाओं का दावा- साल 1948-49 में राजा महेंद्र नाथ शाहदेव ने दान में दी थी जमीन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** थाना अंतर्गत पड़गांव गांव स्थित बाबा आश्रम में रविवार की दोपहर 2.30 बजे श्रीराम जानकी मंदिर में जमीन के विवाद को लेकर कुछ ग्रामीणों द्वारा हमला कर मारपीट किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसकी पहचान करमू महतो के रूप में हुई है।


लोगों के हमले में घायल व्यक्ति। महंत बाबाओं से भी बदसलूकी और वाहन क्षतिग्रस्त करने का आरोप

जानकारी के अनुसार रविवार को खूंटी से दो महंत बाबा ब्रह्मदेव देव दास, दर्शन के लिए पड़गांव आश्रम पहुंचे थे। वहां पड़गांव निवासी करमू महतो आश्रम के समीप दोनों महंत बाबाओं से बात करने लगा। इसी बीच कथित रूप से पड़गांव गांव के एक विशेष समुदाय के लोगों ने हमला कर दिया। उन लोगों ने करमू महतो की जमकर पिटाई कर दी। जिसे देख दोनों महंत बाबा किसी तरह वहां से बच कर अपनी गाड़ी में भाग निकले। हालांकि आरोप है कि उग्र भीड़ ने महंत बाबाओं की गाड़ी को भी क्षतिगस्त कर दिया है। उधर, हमलावरों के जाने के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल करमू महतो को खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया। करमु के सिर और पैर में गहरी चोट लगी है। इसके बाद ग्रामीणों ने करमू महतो व दोनों महंत बाबाओं को लेकर कर्रा थाना पहुंचे और लिखित बयान दर्ज कराया। पुलिस के समक्ष दोनों महंत बाबाओं ने बताया कि वे लोग गाड़ी में छिप कर किसी जान बचाई। अन्यथा उनके साथ भी मारपीट की गई होगी। गौरतलब है कि पिछले डेढ़ महीने से पड़गांव आश्रम की जमीन को लेकर पड़गांव गांव दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। जबकि महंत बाबाओं ने दावा किया कि साल 1948-49 में राजा महेंद्र नाथ शहदेव ने पड़गांव के श्रीराम जानकी मंदिर के नाम से महंत बाबाओं को 40 एकड़ 79 डिसमिल जमीन दान में दी थी। श्रीराम जानकी मंदिर पड़गांव के जमीन पर बाबाओं का आश्रम एवं बजरंग बली का मंदिर है। जिस पर पिछले 15-20 दिनों से विवाद के चलते आश्रम में ताला लगा हुआ है। ग्रामीणों द्वारा बांस का ब्रेकेटिंग भी लगाया गया है। वहीं, पुलिस जांच में जुट गई है।

## झारखंड के खान सचिव ने किया पिपरवार का दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंड सरकार के खान एवं भुतत्व सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने रविवार को पिपरवार क्षेत्र का अनौपचारिक दौरा किया। दौरे पर सपरिवार आए खान सचिव के पिपरवार पहुंचने पर महाप्रबंधक सीबी सहाय ने बूके देकर स्वागत किया। उनके साथ चतरा जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास भी मौजूद थे। दौरे के क्रम में खान सचिव ने सपरिवार पिपरवार क्षेत्र में स्थित कोयला खदानों का अवलोकन करने के साथ ही सीसीएल क्षेत्र में स्थित इको पार्क को भी देखा। खदान के अलावा अन्य जगहों पर भ्रमण के दौरान उनके साथ स्थानीय सीसीएल अधिकारियों में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार महतो, सहायक महाप्रबंधक निरंजन सेनापति, क्षेत्रीय बिक्री एवं संप्रेषण पदाधिकारी निशांत कुमार मौजूद रहे।

## उमवि महावीर नगर में मनाया गया राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में प्रधानाचार्य रंथू साहू के निर्देशन में सुपर रीड एंड राइट प्रोग्राम के तहत ऑनलाइन राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि भारत में वन्यजीवों, जंगलों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वनरक्षकों, कर्मचारियों और वन अधिकारियों के बलिदान को याद करने और देशभर में तैनात समस्त वन कर्मियों को सम्मान देने के लिए 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि देश में बहुत सारे गांव और समुदाय ऐसे हैं जिनका आजीविका का एकमात्र स्त्रोत जंगल है। वहीं वनस्पतियों और जीवों की रक्षा वो अपना परिवार मान के करते हैं। कहा कि ऐसे सभी रक्षकों की हमें सराहना करनी चाहिए। वहीं बच्चों के बीच निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी और पेंटिंग में प्रीति कुमारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इन दोनों छात्राओं को दो अक्टूबर गांधी जयंती पर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के ग्रुप लीडर और सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



## कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को बचरा ऑफिसर क्लब में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता स्टाफ ऑफिसर इएंडएम के एके पाठक और संचालन मोहन लाल सिंह ने किया। बैठक में 23 सितंबर को होने वाले एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ ही एसोसिएशन के पिपरवार क्षेत्रीय समिति के चुनाव को लेकर उम्मीदवारी के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों से चुनाव में शामिल होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि 12 वर्ष के बाद एसोसिएशन का चुनाव होने जा रहा है। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में एसोसिएशन का चुनाव होना है। जिसे लेकर अधिकारियों में काफी उत्साह है। वहीं सीसीएल स्तरीय कमेटी के चुनाव में भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर एके पाठक, सदाला सत्यनारायण, एचसी सिन्हा, अरुण कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, सुभोजित हलदर, अजय कुमार सिंह, मुकेश तोसांग, शिशिर गर्ग, आरएस चिवंडे, आरिश इकबाल, बिशपनाथ आदि मौजूद थे।


कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के धरना में शामिल होंगे विस्थापित लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की डकरा में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता और संचालन रामलखन गंझू ने किया। बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा 14 सितंबर को डकरा एनके जीएम ऑफिस के समक्ष आहूत एक दिवसीय धरना को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। कहा गया कि सीसीएल प्रबंधन रैयत विस्थापितों की समस्या के प्रति उदासीन है। यही कारण है कि प्रबंधन के प्रति रैयत विस्थापितों में काफी आक्रोश है। रैयत विस्थापितों की समस्या को लेकर 14 को डकरा स्थित एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आहूत धरना में एनके एरिया के सभी गांव के रैयत विस्थापित बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस दौरान बैठक में 21 सितंबर को स्थापना दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर रंथू उरांव, कन्हाई पासी, प्रभु गंझू, रवि उरांव, मरांडी गंझू, राजेंद्र उरांव, टिंकू लोहरा, अमर भोगता, आनंद कुमार तुरी, नरेश कुमार यादव, जगरनाथ महतो, प्रेम कुमार गुप्ता, शिवनारायण लोहरा, दिनेश प्रसाद, सोनू राम, सुनील यादव, ड्डारत महतो आदि मौजूद थे।


बैठक में उपस्थित मोर्चा के लोग।

## गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने जैलेंद्र कुमार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को गेतलसूद दुर्गा मंदिर परिसर में शिवदास गोस्वामी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। गठित कमेटी में अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, सचिव भोला महतो, कोषाध्यक्ष शंकर बैठा, कार्यकारी अध्यक्ष संजय नायक, उपाध्यक्ष राजेश लोहरा, विक्रम बैठा, सोनू नायक, अजय उरांव, शिकारी महतो, देवानन्द महतो, गौरीशंकर मुंडा व दुबराज महतो, सह सचिव के पद पर तीरथ महतो, राजेन्द्र साहु, फलेंद्र लोहरा, रंजीत नायक, गंगाधर नायक, मोहित गोस्वामी, नारायण बड़ाईक चुने गए हैं। संरक्षक मंडली में प्रमुख दीपा उरांव, सीताराम मुंडा, अनिल चौधरी, सन्तोष सिन्हा, उमेश गुप्ता, ईश्वरचंद्र गोस्वामी, शिवदास गोस्वामी, राधाकृष्ण सहाय, मानिकदास गोस्वामी जबकि कार्यकारिणी के सदस्य में राजकुमार बैठा, अरुण महतो, केश्वर महतो, घुमेश्वर महतो, शक्तीधर गोस्वामी, शिव उरांव, गणेश नायक, अनुज ठाकुर, सुखदेव महतो, राजन महतो को रखा गया है।

## 1932 खतियान के समर्थन में हुई बैठक आंदोलन को और धार देने पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले बचरा स्थित आफिसर्स क्लब में खतियान समर्थकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विजय महतो एवं संचालन दीपक महतो ने किया। बैठक में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करने की सरकार से मांग की गई। इसके लिए लगातार संघर्ष कर खतियान समर्थकों को एकजुट कर आंदोलन को और धार देने पर चर्चा हुई। लोगों को इसके लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कोयलांचल में आंदोलन की अगुवाई करने वाले नेता जयराम महतो की नवंबर में सभा कराने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की वर्तमान स्थानीय एवं नियोजन नीति से यहां के मुलवासी, आदीवासियों का हक छीना जा रहा है। सरकार को हर हाल में 1932 का खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करनी पड़ेगी। इसको लागू करवाने के लिए हर प्रकार के संघर्ष और आंदोलन के लिए तैयार हैं। इस मौके पर विकाश महतो, जुगेश महतो, जितेंद्र कुमार, महेंद्र महतो, अनिल महतो, अंगद महतो, कृष्णा यादव, शंकर महतो, गोविंद महतो, प्रदीप महतो, अर्जुन महतो, रचित गंझू, धर्मनाथ महतो, दिलीप महतो, गणेश महतो, शंकर महतो, तारकेश्वर महतो, बबलू महतो, रामबालक गंझु शामिल हैं।



## लपरा शिव मंदिर दुर्गा पूजा कमेटी का गठन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज स्थित लपरा शिव मंदिर परिसर में इस वर्ष भी अश्विन नवरात्र पर लपरा शिव मंदिर में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान हरि पाहन ने किया। बैठक में पिछले वर्ष हुए दुर्गा पूजा में आय व्यय पर चर्चा की गई। पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी बनाया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में दौलत शर्मा, मधुसूदन चौरसिया, भोला गुप्ता, सचिन गिरि, गणेश गुप्ता, राम बिलास गोप, अध्यक्ष जितेन्द्रनाथ पांडे, उपाध्यक्ष अविनाश पाण्डे, बबलू गुप्ता, हरि पाहन, सचिव रूपेश चौरसिया, सहसचिव जयप्रकाश यादव, गौरव पांडेय, नवीन गुप्ता, सुनील गिरि, सुबोध रजक, अभिषेक पांडेय, कोषाध्यक्ष मनोज गिरि एवं रमेश गुप्ता को बनाया गया है। वहीं पंडाल प्रभारी वैभव शर्मा एवं आशीष चौरसिया और मीडिया प्रभारी जीतेंद्र गिरि को बनाया गया। साथ ही एक कार्यकारिणी कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें मनोज यादव, विष्णु मेहता और जानकी रजक को शामिल किया गया है।

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शहर के साहू तालाब के पास से खूंटी पुलिस ने रविवार की सुबह 40 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान निर्मल सांगा के रूप में हुई है। वह खूंटी थानांतर्गत फुदी गांव का रहने वाला है। इसकी जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि निर्मल के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि उसके पास से बरामद बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने फुदी से प्रतिबंधित मांस लेकर बाइक से आ रहे आरोपित युवक को साहू तालाब के समीप से दबोचा है।

## लापुंग में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के ककरिया में शिक्षा दीप कोचिंग सेंटर के तत्वावधान में रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो व पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने कहा कि किसी भी देश व समाज के विकास में शिक्षकों का योगदान बहुमूल्य होता है। शिक्षकों को जितना सम्मान किया जाये कम है। मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षकों को बुके व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय मध्य विद्यालय प्रकाश उरांव, समाजसेवी समीर गुप्ता, कृष्णा कुमार, जितेंद्र कुमार व कोचिंग संचालक सुजीत मुंडा के अलावे दर्जनों छात्र -छात्राओं ने भाग लिया।

### यूपी के लखनऊ से डकरा अपने बेटे और बहू से मिलने पहुंचीं थी बीके सुमन बहन

# जीवन को सही दिशा देता है आध्यात्मिक ज्ञान: बीके सुमन बहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुभाष नगर के बीके पाठशाला में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीके पाठशाला के नियमित भाई-बहनों ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से चलकर डकरा अपने पुत्र-बहु से मिलने पहुंची ब्रह्माकुमारी सुमन बहन को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मान किया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहा कि व्यक्ति को आध्यात्मिक ज्ञान ही सही दिशा में ले जाता है। व्यक्ति के पास अगर आध्यात्मिक ज्ञान नहीं है तो उसका व्यक्तित्व अधूरा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन हर्ष विषाद में गुजरता रहता है। फिर भी समय निकाल कर ईश्वर का ध्यान मनन करना चाहिए। मनुष्य शरीर का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो के ज्यादातर लोगों का कहना है कि उनके पास समय की कमी है। घर परिवार, कामकाज से फुर्सत नहीं मिलता है। यही व्यक्ति अंतिम समय में पछतावा करता है कि भगवान की भक्ति नहीं कर पाया और मनुष्य जीवन व्यर्थ चला गया। लेकिन बाद में पछताने से कोई फायदा नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि इंसान का दिमाग स्मृति के चक्र से चलकर विचार भावनाएं, मनोवृति, दृष्टिकोण, व्यवहार से होता हुआ संपूर्ण व्यक्तित्व तक पहुंचता है। इंसान जितना मर्जी कहे उनके पास आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए समय नहीं है, लेकिन समय तो निकालना पड़ता है। इस अवसर पर बीके पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने कहा कि ईश्वरीय सेवाओं के लिए परमपिता परमात्मा शिव बाबा ने उन्हें खुद चुना है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से मैं ब्रह्माकुमारी से जुड़ी उसी दिन से मैं जिंदगी जीने लगी। जिंदगी का मतलब उस दिन से जानी जब मैं पहली बार ब्रह्माकुमारी सेंटर पहुंची। उन्होंने इस दौरान मन की स्थिरता व संतुष्टता, मन से कैसे बातें करें, स्वयं को दुआएं दे और दुआएं ले। इस पर रोशनी डाली। साथ ही रचनात्मक शैली से दुआएं देना और लेना भी बताया। इस मौके पर रेखा बहन, बसंती बहन, लालमोहन, मुनमुन, गणेश, संजय, छाया बहन, रामधनी आदि बहन-भाई मौजूद थे।


ब्रह्माकुमारी सुमन बहन को डकरा में सम्मानित करते लोग।

## झारखंड नेवल वेटरन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष बने अशोक विश्वकर्मा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड नेवल वेटरन वेलफेयर सोसाईटी की एक बैठक आज अशोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर अशोक विश्वकर्मा ने सभी सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था झारखंड नेवल वेटरन वेलफेयर सोसाईटी का निबंधन पांच सितंबर 2022 को हो गया है अब हमें और अधिक उत्साह के साथ काम करने की जरूरत है। बैठक में सोसाईटी के पदधारियों का भी चयन किया गया। जिसमें अशोक कुमार विश्वकर्मा-अध्यक्ष, शक्तिधर महतो-उपाध्यक्ष, शंभुनाथ अहीर- सचिव, अनमोल खलखो-उपसचिव, यशवंत कुमार गुप्ता-कोषाध्यक्ष एवं उमेश भगत का चयन सह कोषाध्यक्ष के पद पर किया गया। बैठक में सभी सभी चयनित पदधारियों का स्वागत किया गया। बैठक में सोसाईटी के सक्रिय सदस्य खूंटी निवासी सुनील कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में अशोक कुमार विश्वकर्मा, शक्तिधर महतो, यशवंत कुमार गुप्ता, अनमोल खलखो, टीएन मसी, एसएन अहीर, शोभनाथ नाग, जगमोहन महतो, उमेश भगत, डेविड तिर्की समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समिति अनगड़ा का पुनर्गठन जगेश्वर महतो चुने गये अध्यक्ष

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति अनगड़ा की एक बैठक रविवार को दुर्गा मंदिर अनगड़ा के प्रागंण मे ग्रामप्रधान लोकनाथ पाहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाने तथा पूजा पंडाल की साज-सज्जा और पूजा में आवश्यक अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन और विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष जगेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, पुशनाथ मुण्डा, सचिव साहेबराम महतो, कोषाध्यक्ष केशव महतो, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, किशन कुमार, सेवाराम पाहन, कालीचरण मुण्डा, युवा विंग-विकास कुमार, अक्षय कुमार, लालदेव महतो, घुमेश्वर मुण्डा, संरक्षक मधुसूदन मुण्डा, लोकनाथ पाहन, मनोज भट्टाचार्य, विश्वनाथ सिंह मुण्डा, अघनु महतो, संजीव सिंह एवं सहदेव महतो चुने गये।

## मुरी रेल थाना ने गवाहों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली

**मुरी (आजाद सिपाही)।** मुरी रेल थाना द्वारा स्टेशन परिसर में एवं रेलवे मार्केट में जाकर जागरूकता रैली निकाली गयी। मुरी रेल थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि उच्च न्यायालय एवं रेल पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्गत आदेश पर गवाहों की सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली निकाली गई है। इस रैली में लोगों को जानकारी दी जा रही है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में आम जनता के बीच लोगों को जागरूक करें और गवाही देने जरूर पहुंचे। जिससे अपराधी को सख्त से सख्त सजा मिल सके। गवाही देने वालों को पुलिस पूरी सुरक्षा देगी। रैली में मौजूद रेल थाना प्रभारी जेड खान, दिलीप कुमार यादव, अशोक रविदास, चुनाराम मुर्मू, अभिमन्यु महतो, दीपक महतो, प्रयाग तिवारी मौजूद थे।

## विधायक ने सोनाहातू जेएसलपीएस कार्यालय की चहारदीवारी और सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने सोनाहातू प्रखंड जेएसलपीएस कार्यालय की चहारदीवारी निर्माण और कार्यालय तक जाने का पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया। दोनों योजनाओं का निर्माण विधायक निधि से किया जायेगा। इस दौरान गोमिया विधायक लंबोदर महतो, जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, चितरंजन महतो, श्याम महतो, सुषेन प्रमाणिक, जेएसलपीएस के अधिकारी अभिलाषा कुमारी, ललित कुमार महतो, शीला देवी, पूनम देवी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## सोनाहातू बुकरुडीह गांव में छात्र-छात्राओं ने मनाया शिक्षक दिवस समारोह

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंर्तगत नावाडीह पंचायत के बुकरुडीह गांव में स्थित स्मार्ट क्लासेस के छात्र-छात्राओं ने गुरु जनों के सम्मान के लिये शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में गुरुजनों और क्षेत्र के शिक्षाविदों को बच्चों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गुरुजनों के के द्वारा मैट्रिक ओर इंटर के टॉपर को सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्याम महतो, पूर्व शिक्षक भजोहरी महतो, शशिभूषण मेहता, रामसाय मुंडा,गिरिधारी मेहता, पंचायत के मुखिया श्याम सिंह मुंडा,पंचायत समिति सदस्य भवानी मुंडा,म्युकभूषण महतो, अमूल्य मेहता, भुनेश्वर महतो, पंचानन महतो सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## आदिश जैन ने जेइइ एडवांस में की है शानदार सफलता अर्जित, लोगों ने दी शुभकामनाएं

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल बुंडू के पूर्ववर्ती छात्र आदिश जैन ने जेईई एडवांस में शानदार सफलता अर्जित की है। आदिश ने जेईई एडवांस में 5295 स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले आदिश ने मेंस में 99.49 परसेंट अंक प्राप्त किया था। लगातार अपनी कामयाबी के बल पर बुंडू एवं पांच परगना का नाम रोशन कर रहे आदिश की सफलता पर साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आदिश को शुभकामनाएं दी हैं। बुंडू के प्रबुद्ध जनों ने आदिश की कामयाबी पर उनके परिवार जनों एवं शिक्षकों की प्रशंसा की है।

## दुर्घटना में घायल वृद्ध की हुई मौत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के बिरसा मोड़ निवासी नंदो उरांव (60) को बिरसा मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल के द्वारा कल रात धक्का मार दिया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए रेफरल अस्पताल बुंडू लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

## दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौत

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी मोड़-ब्रांबे मार्ग में क्षेत्र के रानीखटंगा बस्ती के समीप रविवार को बाइक व हाइवा में सीधी टक्कर हो गयी। इस घटना में बाइक पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान थाना क्षेत्र के पलमा गांव निवासी मंगरु उरांव (35) व अजय कुजूर (32) के रूप में की गयी है। पुलिस दोनों शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। दोनों वाहनों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार चितरकोटा (रातू) से वापस घर लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद बालू लदा हाइवा पलटी खा गया। दुर्घटना का मुख्य कारण खराब सड़क बतायी गयी है। दुर्घटना स्थल के समीप ही गार्डवाल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आधी सड़क टूट गयी है।

## खरवार भोगता समाज विकास संघ बुढ़मू प्रखंड कमेटी का किया गया गठन



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ बुढ़मू प्रखंड की बैठक जमगाई स्थित स्कूल में हुई। बैठक की अध्यक्षता हरिचरण भोगता तथा संचालन हजारी भोगता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, केंद्रीय सदस्य सह जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू, केंद्रीय युवा संघ महासचिव बाबूलाल गंझू,रांची जिला सहसचिव प्रभाकर गंझू, बुढ़मू प्रखंड प्रभारी रमेश गंझू उपस्थित थे। बैठक में आगामी अक्टूबर-नवंबर में रांची में खरवार भोगता समाज विकास संघ के महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर भारी संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से बुढ़मू प्रखंड कमेटी का अध्यक्ष मुकेश भोगता, कार्यकारिणी अध्यक्ष शंतु भोगता, उपाध्यक्ष सुलेन्दर भोगता, रामदास भोगता, अनिल भोगता, नरेश भोगता, राजकिशोर भोगता, सचिव हरिचरण भोगता, कोषाध्यक्ष सचिन भोगता, हिरामन भोगता, संगठन सचिव गोवर्धन भोगता को बनाया गया है। इस मौके पर शनीचरवा भोगता, करीमन भोगता, सुखदेव भोगता, राजकिशोर गंझू, रमेश भोगता, कलेश्वर भोगता, जयप्रकाश भोगता, शीला भोगता, अनिता भोगता, शुक्रमनी भोगता, शांति भोगता, सरिता देवी, राधा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** कुड़मी करम अखड़ा मुरी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, वक्ताओं ने कहा

# करम परब हमारी पुरखों की सांस्कृतिक विरासत है

**विभिन्न क्षेत्रों से आये कलाकारों ने गीत-संगीत और नृत्य से लोगों का मन मोह लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुरी।** झारखंड के सांस्कृतिक गौरव का पर्व करम परब का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन कुड़मी करम अखड़ा मुरी टुंगरी पार्क में किया गया। मनोहर महतो ने डाली गाड़ा और पूर्व शिक्षक समल महतो नेगा चारी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीना चौधरी और अखड़ा के सचिव सिल्ली प्रखंड के उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष बीना चौधरी ने करम परब में आये सभी लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अंबा रानी महतो, दिनेश कुमार महतो, सुशांत महतो, तुलिन और जाम बाद पुरुलिया पश्चिम बंगाल से आये कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं सुषमा महतो के गीत कने देलउ डाला टंकि कने देलउ करम साड़ी पर लोग नाचने पर विवश हो गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में भक्ति महतो, कल्याणी महतो, बबीता महतो, मनोज महतो, प्रकाश महतो, अरुण महतो, ज्योति प्रसाद महतो, सच्चिदानंद महतो, भागीरथ महतो, मनीष महतो, बसंत महतो, महादेव महतो, नीलमणि महतो, नरसिंह महतो, कृष्ण महतो, नवल किशोर महतो, मनोहर महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान है।

विशिष्ट अतिथि राम पोदो महतो ने कहा करम परब हमारी सांस्कृतिक पुरखैनी विरासत है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जयपाल सिंह लक्ष्मण महतो और सुशील महतो डॉ नीना महतो ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आरती देवी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में जितेंद्र बड़ाइक प्रमुख, बसांरुली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव, टुटकी नावाडीह पंचायत के मुखिया, विसरिया पंचायत के उप मुखिया आदि कई अन्य गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार रखे और नाचे गाये।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा करम परब हमारी पुरखों की सांस्कृतिक देन है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रेलवे के इंजीनियर ए के सिंह अमित कुमार जैसे गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम में पार्वती देवी को श्रद्धांजलि दिया गया। सभा का समापन भाषण कल्याणी महतो ने दिया।

# जमीन का मिले उचित मुआवजा, नहीं तो सड़क पर उतर कर होगा विरोध

**एनएचएआई पलमा-गुमला फोरलेन सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया स्थित स्कूल मैदान में रविवार को ग्राम प्रधान पेरो उरांव की अध्यक्षता में एनएचएआई पलमा-गुमला फोरलेन सड़क निर्माण में जा रहे जमीन की कम मुआवजा राशि मिलने और सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने बैठक की। जिसमें एनएचआई के द्वारा पलमा से गुमला सड़क निर्माण को लेकर भूमि अधिग्रहण के एवज में बाजार मूल्य से बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है, जिसको लेकर विरोध करते हुए नाराजगी जतायी गयी। इस दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं लेकिन सरकार हमें बाजार मूल्य से मुआवजा दे नहीं तो सड़क पर उतर कर विरोध किया जाएगा और काम भी बंद कर दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों के द्वारा कहा गया कि एनएचआई व भूअर्जन विभाग रांची से इस बात को लेकर कई बार मांग की गई है लेकिन वे लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि डीसी रांची को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन व एनएचएआई के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को लगातार तंग किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि अब मामला कोर्ट में चला गया है इसलिए हाईकोर्ट का फैसला आने तक अधिकारी काम पर रोक लगायें। मौके पर जगन्नाथ भगत, मुखिया कुंवारी खलखो, सुशील कुजूर, सुलेमान तिर्की, बुधनाथ उरांव, शांति एक्का, जलही उरांव, प्रेम कुजूर, सुखदेव भगत, मीना धान, शिवू उरांव, बुधू उरांव, सहदेव उरांव, लखीना उरांव, एनी उरांव समेत कई लोग मौजूद थें।

## नामकुम में लोन मेला का अयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जेसीबी एवं इंडसइंड बैक की ओर से नामकुम में लोन मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेसीबी से कुंदन कुमार सहाय एवं इंडसइंड बैक के ब्रांच हेड अभय कुमार एवं अक्षय कुमार को सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को लोन एवं कार्य के बारे में जानकारी दी गई।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लालखटंगा पंचायत स्थित मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची उपस्थित थे। जिन्होंने मैच का उद्घाटन प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच प्रकाश क्लब रुकोपीढ़ बनाम गाड़ीगांव के बीच खेला गया। जिसमें गाड़ीगांव एक गोल से विजेता रहा। दूसरा मैच खरसीदाग एफसी बनाम टोप्पो ब्रदर्स के बीच खेला गया। जिसमें टोप्पो ब्रदर्स तीन गोल से विजेता रहा। तीसरा मैच उरांव ब्रदर्स बनाम सवारी टोली सत्या रिटोली के बीच खेला गया। जिसमें रिटोली एक गोल से विजेता रहा। ज्ञात हो कि रांची पुलिस परिवार की तरफ से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल मैच विजेता एवं उपविजेता पुरुष-महिला वर्ग को जर्सी एवं फुटबॉल प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, मुखिया पुष्पा तिर्की, संदीप मुंडा, अंतू तिर्की, जिता कच्छप, राजेश टोप्पो, विजय नायक, महादेव मुंडा, विक्रम उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# शिशु विकास विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल कोचिंग के तत्वावधान में रविवार को शिशु विकास विद्यालय चिलदाग में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कांके प्रखंड के पूर्व प्रमुख एवं प्रेमचंद इंटर कॉलेज के संस्थापक प्रेमचंद महतो थे। मौके पर प्रेमचंद महतो ने गुरुकूल में गुरु-शिष्य संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं। शिक्षक ही संस्कार और चरित्र का निर्माण कर समाज को एक नयी दिशा प्रदान करने का काम करते हैं। इसलिए शिक्षक सदैव सम्मान के योग्य हैं। इस अवसर पर कोचिंग के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। समारोह में राजेन्द्र महतो, सीताराम महतो, रवाना जी, गुप्ता मैम, सुरेश महतो, जितेन्द्र चैधरी, सुनील महतो आदि उपस्थित थे।

**रेलवे सुरक्षा :** आरपीएफ ने ऑपरेशन जन जागरण के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

# मानव तस्करी एवं नशा खुरानी के खिलाफ भी किया जागरूक

**स्टेशन परिसर में कोई लावारिश वस्तु दिखने या कोई अपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे हेल्पलाईन नंबर का उपयोग कर रेलवे को सूचित करने की सलाह दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा/नामकुम।** ऑपरेशन जन जागरण के तहत आरपीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ टाटीसिलवे-गंगाघाट-गौतमधारा सेक्शन के बीच चतरा गांव में रविवार को ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ पोस्ट रांची के पदाधिकारियों, कर्मियों, स्थानीय टाटीसिलवे थाना के इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने लाउड हेरल के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करने, स्टेशन परिसर में कोई लावारिश वस्तु दिखने या कोई अपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे हेल्पलाईन नंबर का उपयोग कर रेलवे को सूचित करने, पायदान पर बैठकर यात्रा न करने, रेलवे लाइन मे सेल्फी ना लें और ना वीडियो बनाएं, बिना उचित और पर्याप्त कारण के गाड़ियों मे चेन पुलिंग न करने, नशा खुरानी गिरोह से बचाव, मानव तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया।

इससे पूर्व भी जन जागरण अभियान के तहत आरपीएफ की टीम ने अनगड़ा एवं नामकुम प्रखंड के कई स्कूलों में जाकर बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच रेलवे सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया था। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि वह चलती ट्रेन पर पत्थर ना मारें, रेलवे लाईन मे ना घुमें, चलती ट्रेन मे ना चढ़े-उतरे, अगर गेट बंद है तो गेट खुलने का इंतजार करें सहित अन्य बातों को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सूरज पाण्डेय, सोहनलाल, प्रधान आरक्षी जयप्रकाश महतो, रामजी नायक, आरक्षी नरेन्द्र कुमार, महिला आरक्षी शिखा धाकड़, दिव्या कुमारी, ग्रामप्रधान किस्टो कुजूर, मुखिया डोली मुण्डा, राजेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## रिनपास में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**कांके (आजाद सिपाही)।** रिनपास मानसिक अस्पताल के ओपीडी में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नैदानिक मनोविज्ञान विभाग द्वारा किया गया। जिसमें इलाज के लिए आये मनोरोगी, इनके अभिभावक, छात्र-छात्राएं, साईक्रेट्री सोशल वर्कर, कार्यरत कर्मी भी शामिल हुए। इस मौके पर नैदानिक मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मशरूर जहां ने कहा कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने अपने संबोधन में आत्महत्या की रोकथाम के लिए कई उपाय बताये। साथ ही आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के लक्षणों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। प्रोफेसर डॉ अमूल रंजन सिंह ने लोगों को आत्महत्या की रोकथाम के लिए कई बातों की जानकारी देते हुए बताया कि आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार से भी इन्हें पहचाना जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों के व्यवहार में बदलाव को देखकर आत्महत्या को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि रिनपास संस्थान द्वारा आत्महत्या संबंधित कोई भी मदद या जानकारी के लिए आत्महत्या रोकथाम केंद्र हेल्पलाइन संख्या 94711 36697 पर 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध है। मौके पर डॉ अमूल रंजन सिंह, डॉ मसरूर जहां, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनोद कुमार महतो, डॉ जयप्रकाश सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक चान्हो प्रखंड के मदरसा चौक प्लांट के समीप रविवार को संपन्न हुई। इस बैठक में भाड़ा बढ़ाने सहित ट्रक मालिकों के कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्य सद्दाम अंसारी ने कहा कि ट्रक मालिकों के साथ-साथ ड्राइवरों की कई समस्याएं सामने आयी हैं, जिसे आगे बैठक में दूर करने की कोशिश की जाएगी। साथ ही चान्हो आसपास से ज्यादातर ट्रकें बंगाल के बर्दवान जाती हैं, जिसको लेकर नये भाड़ा तय किए गए हैं। बैठक में सभी ट्रक मालिकों के द्वारा अंडर लोड ट्रक चलाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में नौशाद अंसारी, इमरोज अंसारी, तफज्जुल हुसैनं बबलू, विजय कुमार, अनिल उरांव, नेसार अहमद, यासीन अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार और शिक्षक समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं : रामटहल चौधरी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** नेशनल स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम 2022 के तत्वावधान में आईक्यूएसी द्वारा प्रायोजित पत्रकार, शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आरटीसी कालेज के विवेकानंद सभागार में आयोजित की गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों और शिक्षकों को कलम और डायरी देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित पत्रकारों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि पत्रकार और शिक्षक समाज को आईना दिखाने का काम करती है। कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने कहा कि शिक्षक को विदुर के भांति सत्य, न्याय और चरित्र पर चलने वाला होना चाहिए। आरटीसी कालेज में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत गान, गणेश वंदना एवं झारखंडी कला संस्कृति से संबंधित एक से बढ़कर एक गीत नृत्य की झलकियां पेश की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ भीम महतो ने बताया कि बहुत जल्द ही आरटीसी कालेज को यू जीसी नेट और जेटेट से संबद्धता मिलने की उम्मीद है। सम्मान समारोह का संचालन प्रो. शैलेन्द्र मिश्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल और कॉलेज के सभी शिक्षक और प्रोफेसर उपस्थित थे।

## मुड़मा के युवक की हत्या को मॉब लिंचिंग का रंग देने का प्रयास, तीन युवकों पर प्राथमिकी दर्ज

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शनिवार को ओरमांझी के जिनगा टूंगरी से मस्मानो मुड़मा के युवक आलम अंसारी का शव बरामद किया गया था। परिजनों के द्वारा आनंदी गांव के तीन युवकों संटी, बंटी और राजेश महतो पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी हैं। प्राथमिकी की खबर सुनकर ग्रामीण पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू के नेतृत्व में थाना पहुंचे। थाना में ग्रामीणों ने बताया कि आनन्दी के गफ्फार अंसारी के द्वारा इस घटना को मॉब लिंचींग का रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। गफ्फार अंसारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जा रही थी। जिन तीन युवकों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है उसमें से एक संटी पूणे में मेकेनिकल इंजीनियरिंग कर रहा है। बंटी कम्पीटिशन की तैयारी कर रहा है। संटी और बंटी पूर्व पंचायत समिति सदस्य और वकील अंजीत महतो के पुत्र हैं। वहीं राजेश महतो खेती-बारी का कार्य करता है। थाना घेरने की खबर सुनकर ग्रामीण डीएसपी सिल्ली भी ओरमांझी थाना पहुंचे। ग्रामीण डीएसपी ने कहा कि कानून किसी के कहने पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। हम इस घटना की मैन्युअल और टेक्निकल तरीके से जांच कर असली मुजरिम तक पहुंचने का काम करेंगे। बैठक में प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, सत्यनारायण तिवारी, अंजीत महतो, मानकी राजेन्द्र शाही, सत्यम राज कुशवाहा, मोतीलाल महतो के सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसआइपी नामकुम सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पंजाब नेशनल बैक गली नामकुम स्थित एसआईपी अबेकस सेंटर नामकुम में रविवार को प्रतिभा सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसआईपी अबेकस के झारखंड प्रमुख इकलाब सिंह होरा उपस्थित थे। मौके पर एसआईपी नामकुम सेंटर की ओर से बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें 60 बच्चों को स्टेट लेवल एवं 9 बच्चों को नेशनल लेवल पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया। मौके पर प्राचार्य नमिता सिंह ने कहा कि हमारे बच्चे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किये हैं। कार्यकम में मास्टर ट्रेनर निरुपमा सिंह, बच्चे, शिक्षक एवं भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
10

### मठ की जमीन पर कब्जा करने गये एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष को ग्रामीणों ने खदेड़ा

# जनहित के खिलाफ कार्य करने वालों के साथ मैं कभी नहीं हूं : विधायक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)** । जिले के हरिहरगंज शहर के अररुआ खुर्द स्थित बिहार बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया मठ की जमीन पर रविवार को दबंगई पुर्वक कब्जा करने की कोशिश की गई। रविवार की सुबह ही दबंगों द्वारा उक्त भूमि पर घेरा बंदी के लिए पायलिंग देने का कार्य शुरू किया गया था। इसे देख आसपास के हजारों ग्रामीण भूमि पर इकट्ठा हो गए। साथ ही कब्जा करने वालों के विरोध करते हुए खदेड़ दिया । साथ ही भूमि कब्जाने वालों में शामिल एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, शिव यादव, ब्रजेश जायसवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में सूचना पाकर सीओ बासुदेव राय, प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार स्थल पर पहुंचे। नाराज ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई नहीं करने के कारण पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की । बाद में ग्रामीणों ने बैठक कर उक्त भूमि पर मंदिर व धर्मशाला निर्माण करने तथा जमीन पर अवैद्य कब्जा करने वालों का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया । इसके लिए एक कमिटी बनाई गई। साथ ही मंदिर व धर्मशाला निर्माण के लिए उक्त जमीन पर पूजा कर झंडा गाड़ा गया। उधर इस संबंध में एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने बताया कि वे लोग उक्त भूमि का केवाला कराया है । साथ ही मठ के महंत से बजदावा भी लिया है। जबकि एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने घटना की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि जनहित के खिलाफ कार्य करने वालों के साथ वे कभी नहीं है। दिल्ली अधिवेशन से लौटने के बाद कार्रवाई करेंगे। वहीं सीओ वासुदेव राय ने बताया कि वर्तमान में उक्त भूमि बिहार बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया कपरदार सुरजी देवी के नाम दर्ज है। जबकि डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को भूमि पर अवैद्य कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। इस मामले में पहले भी सरोज कुशवाहा व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। इस मौके पर भोला गुप्ता, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, कामेश विश्वकर्मा, संतोष गुप्ता, विश्वदीप कुमार, लखन यादव, अशोक कुमार यादव, कांग्रेस नेता कृष्णा कुमार सिंह, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, जेपी गुप्ता,विकाश यादव, विनय जायसवाल, भीम मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, पवन कुमार, बिजय यादव, बीनू जायसवाल, लक्ष्मी विश्वकर्मा, डॉ जगनारायण यादव, अशोक जायसवाल, सोनू जायसवाल, रामकुमार गुप्ता, अरबिंद पासवान, रामजी पासवान, हरिहर सिंह, अशोक शर्मा, अभय सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। धन्नजय सिंह, मुन्ना जायसवाल, धर्मेन्द्र पटेल, श्यामसुंदर प्रसाद सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थें।

## मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंक को लेकर मतदान केंद्रों पर कैंप का आयोजन



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)** । मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंक करने को लेकर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजीव नीरज के निर्देश पर रविवार को बीएलओ ने अपने अपने मतदान केंद्र पर कैंप का आयोजन किया। साथ ही डोर टू डोर जाकर मतदाताओं का आधार नंबर उनके मतदाता पहचान पत्र से ऑनलाइन लिंक करने का काम किया। इस दौरान प्रयवेक्षकों ने क्षेत्र भ्रमण कर बीएलओ से कार्यों की जानकारी ली। अंचलाधिकारी श्री नीरज ने कहा कि पिछले एक अगस्त से विशेष अभियान चलाकर मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। किन्तु कई बीएलओ इस कार्य में काफी लापरवाही बरत रहे हैं। यही कारण है कि हैदरनगर के कुछ मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां 65 प्रतिशत मतदाता का आधार लिंक किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग के लक्ष्य के मुताबिक 100 प्रतिशत मतदाताओं का आधार लिंक का कार्य कैसे पूरा होगा। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी ने वैसी बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका को चिन्हित कर इनपर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा गरुड़ ऐप के माध्यम से प्रपत्र 6 बी पर आधार कार्ड से मतदाता पहचान पत्र को लिंक करना सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्हे इस कार्य के लिए अलग से मानदेय भी दिया जाता है। इसके बावजूद बीएलओ द्वारा इस कार्य में कोताही बरती जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कैंप का निरीक्षण करने वालो में पर्यवेक्षक कुमारी शांति, धीरेंद्र कुमार, नंदेव उरांव, युगेश्वर यादव ,ज्योति रंजन, जयप्रकाश राम, महेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार शामिल थे।

### प्रखंड प्रमुख ने किया कोशी व टोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण

## आंगनबाड़ी केंद्र पर अनियमितता किसी कीमत पर बर्दाश्त योग्य नहीं : प्रखंड प्रमुख

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के कोशी पंचायत का कोशी व टोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र एवम टोंगरा राजकीय मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में शनिवार को करीब 11 बजे पहुची तो देखा कि कोशी आंगनवाड़ी केंद्र में मात्र दो ही बच्चे उपस्थित मिले।जबकि सेविका केंद्र से अनुपस्थित थी।पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख को बताया कि इस आंगनवाड़ी केंद्र का हमेशा यही स्थिति रहता है। टोंगरा आंगनवाड़ी केंद्र पर 11:30 बजे पहुची तो देखा कि सेंटर बंद था।टोंगरा राजकीय मध्य विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक गंगा विष्णु राम बिद्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित थें।केंद्र का निरीक्षण के उपरांत प्रखंड प्रमुख ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी बदतर पायी गयी है। उन्होंने बताया कि





औचक निरीक्षण के दौरान उक्त सभी आंगनवाड़ी केंद्र जहाँ पर अनियमितता पाई गई है,उसके बिरुद्ध कारवाई के लिए विभाग के वरीय पदाधिकारी से लिखित शिकायत की जाएगी।उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में जिस प्रकार की अनियमितता व लापरवाही बरती जा रही है वह किसी कीमत पर बर्दाश्त करने योग्य नही है। उन्होंने राजकीय मध्य बिद्यालय टोंगरा के प्रधानाध्यापक के बिरुद्ध भी शिक्षा विभाग के पदाधिकारी से शिकायत की बात कही है।

## फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले पर उचित कार्रवाई हो : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चला कर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के नाम से फर्जी अकाउंट बनाने का मामला प्रकाश में आया है। धीरज मिश्रा ने अपने शुभचिंतकों से इस फर्जी अकाउंट को स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया है। धीरज ने बताया कि गलत मंशा रखने वाले समूह के इंसान द्वारा मेरे नाम का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर गलत इस्तेमाल करने की जानकारी उनके शुभचिंतकों के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इस मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना में देकर प्रशासन से दोषी व्यक्ति पर उचित कार्यवाई करने की मांग करेंगे। धीरज ने कहा कि रक्त की कालाबाजारी और दलाली करने वाले समूह के लोगों द्वारा मेरे द्वारा रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम को कमजोर करने के लिए एक साजिश के तहत मेरे खिलाफ मुहिम चलाकर मुझे बदनाम और अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। रक्त की कालाबाजारी और दलाली करने वाले समूह का व्यवसाय चौपट होने के कारण गोरखधंधे में शामिल लोगों द्वारा तनाव और घबराहट में होकर मेरे खिलाफ उल जलूल बेबुनियाद बाते करके मुझे बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। धीरज मिश्रा ने कहा कि इसके बावजूद भी रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम जारी रखते हुए रक्त के जरूरत मंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य जारी रहेगा ।

## भ्रष्टाचारी मंसूबों को खत्म करने में पीछे नहीं हटेंगे : दीपक तिवारी




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता सह सेवादार दीपक तिवारी ने अगलगी घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि व्यवसाय तो फिर से खड़ा हो जाएगा परंतु मां का बिछड़ना पीड़ित परिवार के लिए दु:खदाई है। मेदिनीनगर के व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के भरोसे छोड़ देने के बजाय सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना सब की नैतिक जिम्मेदारी है। भवनों का निर्माण कराने वाले सभी मालिक तय सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। अगर इसके आड़े भ्रष्टाचार आता है तो सेवादार दीपक तिवारी भ्रष्टाचारी मंसूबों को खत्म करने में पीछे नहीं हटेगा। दीपक तिवारी ने कहा कि टीवीएस शोरूम में अगलगी की घटना दुर्घटना मात्र नहीं बल्कि नगर निगम के निकम्मेपन की भी देन है। पद पर बैठे लोग आराम फरमाने में व्यस्त है। दीपक तिवारी ने टीओपी टू सहित पलामू पुलिस एवं प्रशासन को साधुवाद दिया, जिन्होंने जान पर खेलकर अथक मेहनत से और जिंदगीयों को बचाया। साथ ही आक्रोश जताते हुए कहा कि प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर की जनता की सुरक्षा और सुविधा पुख्ता करने के लिए किसी के पास फुर्सत नहीं है। सभी स्वार्थ साधने में इस कदर मशगुल हैं कि धड़ाधड़ बिल्डिंग पर बिल्डिंग बन रहे हैं और पदधारी जांच करने के बजाय एसी में बैठे-बैठे हस्ताक्षर पर हस्ताक्षर करते जा रहे हैं। कार्यकाल पूरा करने जा रही निगम की सरकार को अप्रत्यक्ष रूप से संचालित करने वाले चेंबर अध्यक्ष ने खुद मेयर को आईना दिखा दिया। अब मेयर को चेंबर अध्यक्ष के सवालों का जवाब देना चाहिए। मेदिनीनगर शहर का नियोजित विकास, शहरवासियों की सुरक्षा, नागरिक सुविधाओं का विस्तार आखिर किसकी जवाबदेही है? नियमों को ताक पर रखकर मेदिनीनगर शहर में चल रहे निर्माण के लिए विशुद्ध रूप से नगर निगम जिम्मेदार है। कमाई का पाई-पाई जोड़कर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार नगर निगम में जुड़े नये क्षेत्रों में घर बना रहे हैं। उनका फोटो खिंचकर निगम के कर्मचारी अवैध वसूली कर रहे हैं। बिना सुरक्षा मानकों को पूरा किए बड़े-बड़े मॉल और बिल्डिंग खड़ा हो रहे हैं। धड़ल्ले से कार्य जारी है जिससे बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। उस दिशा में कदम उठाने के बजाय गरीब के घरों से उगाही करवाई जा रही है। चैंबर का कार्य व्यवसाय हित में सुविधा बढ़ाने एवं सुरक्षित वातावरण निर्माण के लिए प्रशासन का ध्यान खींचकर सकारात्मक पहल करना है। वोट बैंक और व्यवसाय चलाने का स्वार्थ साधने वाले इन भवनों पर कारवाई करने में पीछे क्यों हट जाते हैं? दर्दनाक घटना घटने पर निगम के अप्रत्यक्ष कर्ताधर्ता खुद को मजबूर बता, अव्यवस्था की दुहाई दे रहे हैं, उनकी यह नीति उनकी नीयत को जगजाहिर कर रही है।

## खिलाड़ियों को जीत एवं हार में छुपे संदेश को समझने की जरूरत है : सांसद

**बिश्रामपुर जोन 2 के सांसद प्रतिस्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना पांडू,बिश्रामपुर को 3 गोल से हराया**



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय के जनता उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को बिश्रामपुर जोन दो के सांसद फुटबॉल प्रतिस्पर्धा टूर्नामेंट का फाईनल मैच बिश्रामपुर एवं पाण्डू के बीच खेला गया। इस मौके पर फाइनल मुकाबले के विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कार देने के बाद पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि जीत हार खेल का दो अभिन्न हिस्सा है। खिलाड़ियों को जीत एवं हार में छुपे संदेश को समझने की जरूरत है। विजेता टीम को जीत बरकरार रखना जहां एक चुनौती है वहीं दूसरी टीम को हार में से जीत का रास्ता तय करना भी चुनौती है। सांसद वीडी राम ने कहा कि इस टूनामेंट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को निखारते हुए मुकाम तक पहुंचाना है। ग्रामीण खिलाड़ी लगातार अभ्यास करते रहें,उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद दी जायेगी। उन्हें संसाधनों की कमी कभी नहीं होने दी जायेगी। फाइनल मुकाबला बिश्रामपुर और पांडू के बीच खेला गया। जिसमे पेनाल्टी शूटआउट में पांडू ने 3/0 से जीत दर्ज की। बिश्रामपुर जोन 2 की विजेता टीम पांडू अब जिलास्तरीय टूर्नामेंट के सेमीफानल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है। इससे पहले दोनो सेमीफाइनल मैच भी आज ही खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच बिश्रामपुर और उंटारी प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमे बिश्रामपुर की टीम एक गोल से बिजायी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच पांडू और नवाबजार प्रखंड टीम के बीच हुआ। पांडू ने दो गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। मौके पर वरीय भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय,भाजपा ज़िला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह, धर्मदेव सिंह यादव, विभाकर नारायण पाण्डेय, नरेंद्र कुमार पांडेय, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,रामचंद्र यादव,अरुण सिंह, विजय ओझा, टिकैत चौबे, प्रमोद चौबे, सोमेश सिंह, अनुज पांडेय,पंकज लाल, पंकज तिवारी,राजन पांडेय, नंदू चौधरी, बबन राम, अमरेश तिवारी, महादेव प्रसाद यादव, प्रेमसागर सिंह, शुशील ठाकुर, सुनील पांडेय, शंभू शरण सिंह, ललन चौबे,धनंजय तिवारी, कुश कुमार ओझा, विनय चौबे, बीडीओ प्रशांत कुमार हेमब्रम, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, रेहला थाना प्रभारी नेमधरी रजक, नवीन पांडेय,हरिशंकर सिंह, एमडी इद्रीश, कौशल वर्मा, दीपेंदर सिंह, उपेंद्र तिवारी, संतोष चौबे, कृष्ण मुरारी सिंह, राधा कृष्ण साव, विजय कुमार रवि सहित कई लोग मौजूद थे।





## 11 साल में टीम इंडिया का सबसे खराब दौर किसी भी मेगा टूर्नामेंट के चैंपियन नहीं

**दुबई ।** एक क्रिकेट टीम को पूरी दुनिया में नंबर वन बनने के लिए क्या चाहिए- अच्छे चयनकर्ता, उम्दा प्लेयर्स, शानदार सपोर्टिंग स्टाफ और एक ऐसा कप्तान जो सबको साथ लेकर चले। टीम इंडिया के पास ये सब है, लेकिन भारतीय टीम पिछले 11 साल के सबसे खराब दौर में नजर आ रही है। साल 2011 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि हम किसी भी बडे.टूर्नामेंट के चैंपियन नहीं रह गए हैं। चाहे आईसीसी ट्रॉफी हो या फिर एशियन क्रिकेट काउंसिल का एशिया कप, कोई खिताब हमारे पास नहीं है। पहले आप इसे नीचे दिए गए ग्राफ से समझिए कि कैसे पिछले 11 सालों में हम कम से कम एक बड़े टूनार्मेंट के डिफेंडिंग चैंपियन रहे और इस बार आईसीसी में एशिया कप में हुई हार से हमने यह उपलब्धि गंवा दी। आर्टिकल में आगे हम यह भी जानेंगे कि हमारी टीम के लिए आने आने वाला वर्ल्ड कप जीतना भी मुश्किल क्यों लग रहा है.



**अब जान लेते हैं कि पिछले 11 साल तक हम चैंपियन कैसे रहे**

इसके पीछे सबसे बड़ी वजह महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी रही। 2016 तक उन्होंने हमें किसी न किसी एक ग्लोबल टूर्नामेंट का चैंपियन बनाए रखा। धोनी ने 2016 के बाद कप्तानी छोड़ दी, लेकिन उनकी बनाई टीम अगले कुछ साल खेलती रही। इसका नतीजा यह रहा कि हम 2018 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भी एशियन चैंपियन बनने में कामयाब हो गए, लेकिन 2019 से भारत की गाड़ी पटरी से उतरने लगी। उस साल विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड में हुए वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में हार गई। इसके बाद 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में फिर विराट की कप्तानी में टीम उतरी, लेकिन इस बार हम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सके। 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में एशिया कप में यही कप्तानी दोहराई गई। ऐसे में सवाल उठता है कि धोनी के पास वो कौन सी जादुई छड़ी थी जिसके दम पर वो समय-समय पर टीम को चैंपियन बनवा लेते थे। इसकी सबसे बड़ी वजह है बड़े टूर्नामेंटों में धोनी की प्रेशर हैंडल करने की क्षमता।

## दुर्गा पूजा को लेकर जपला रेलवे परिसर में युवा बाल संघ ने किया भूमि पूजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद क्षेत्र में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर युवा बाल संघ द्वारा जपला रेलवे परिसर में भूमि पूजन किया गया। समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया । इसी के साथ युवा बाल संघ का श्री दुर्गा पूजा का भव्य पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। इसका निर्माण कोलकाता के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है।मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, भावी नगर अध्यक्ष प्रत्याशी पवन कुमार चौधरी,आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, आईओडब्ल्यू कपिल प्रसाद, एसएस संजय कुमार,युवा बाल संघ के सचिव रवि कुमार यादव, राजेश्वर सिंह, रामलाल साव, सैनिक कुमार, शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार,सुजीत कुमार, सोनू कुमार गुप्ता,छोटू शर्मा,सैनिक कुमार,सनी विश्वकर्मा, नितेश सिंह, अविनाश कुमार, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद थे। संघ के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल के बाद इस वर्ष श्री दुर्गा पूजा उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया जायेगा।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के नारायणपुर में विधायक कोटा मद से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान व एनसीपी नेता राजकुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ऑनलाइन ग्रामीणों से रुबरू हुए। उन्होंने कहा कि उन्होंने जनता से गांव में जो वादा किया था, उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सुविधाएं कैसे मिले इसे लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वह विकास कार्यों में सहयोग करें। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि नाली निर्माण की आवश्यकता ग्रामीणों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह की बताई थी। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उनकी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कार्य करा रहे लोगों को कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर बड़ी संख्या में एनसीपी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पलामू की युगांत और पिंकू की फिल्मों को मिला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के मेदिनीनगर के रहने वाले युगांत बद्री पांडेय व पिंकू दुबे की फिल्मो को अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार मिला है। छठा गोल्डन बीट इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 जो की तुर्की में आयोजित किया गया था उसमें युगांत बद्री पांडेय अभिनीत फिल्म फिल्म द स्पेरो एवं पिंकू दुबे द्वारा लिखित फिल्म द लास्ट एनवेलप को पुरस्कार मिला है। फिल्म द स्पेरो के सौरभ गंगवार को फेस्टिवल में बेस्ट सिनेमेटोग्राफर का पुरष्कार मिला, इसके निर्देशक अभिषेक पांडेय है। इस फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका में युगांत है। फेस्टिवल में फिल्म द लास्ट एनवेलप को बेस्ट शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार मिला है, इसके लेखक पिंकू दुबे है। फिल्म को ललित कुमार झा ने डाइरेक्ट किया है। इन दोनों कलाकारों के सफलता पर पलामू के कलाकारों ने हर्ष जताया है। संगीतकार मुकेश सिन्हा,गायक सुमित भट्याचार्य,अशफाक अहमद,अमर सहाय,रामकिशोर पांडेय, राजाराम मिश्रा,पवन शर्मा, कवि नवीन सहाय, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रविशंकर,मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, नई संस्कृति सोसाइटी के अजित पाठक, पंकज निराला सहित कई लोगों ने युगांत बद्री पांडेय एवं पिंकू दुबे को बधाई दिया है।

## इस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंचे बिहार, झारखंड, उड़ीसा के कराटेकार मेदिनीनगर



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित इस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में बिहार, उड़ीसा, झारखंड राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता सभी खिलाड़ियों का चयन नेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष सोनू नामधारी,अविनाश वर्मा, रविकांत मेहता ,गुरबीर सिंह , पंकज कमली ने दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी के द्वारा स्वागत गीता के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं यंग स्टार ग्रुप के मनीष कुमार ने खेल खिलाड़ी खेल गीत खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर क्रीड़ा भारती पलामू अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि पलामू में इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों का हौसला अफजाई होता है। हमारे यहां से सदैव बच्चे बाहर मैच खेलने के लिए जाते थे परन्तु आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पहली बार हमारे पलामू जिला में दूरदराज से खिलाड़ी भाग लेने यहां आए है। मेरी ढेर सारी शुभकामनाएं हैं कि आप यहां से विजय हो कर आप अपने राज्य को जाए। वही मौके पर संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा की दूरदराज से आए हुए सभी खिलाडियों का पलामू में स्वागत है। इस तरह का आयोजन से हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती पलामू जिला सह झारखंड कराटे एसोसिएशन के सचिव सेंसाई सुमित कुमार कार्यक्रम का संचालन किया ।

## पलामू जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की हुई बैठक



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक बिश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में हुई। जिसमें अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेलकूद प्रतियोगिता, क्वीज, भाषण, पेंटिंग आदि की प्रतियोगिता सदस्य विद्यालयों के बच्चों के बीच कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें बच्चों के पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य सद्गुणों जैसे अनुशासन, साहस, दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास हो इसके लिए आगामी 13 नवंबर को बाल दिवस की पूर्व संध्या पर अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में साइमन मैथ्यू स्ली, राजन पांडे,राजीव रंजन दुबे,मो.हजहारुलहक, पंकज गुप्ता, तौफीक अहमद, रविंद्र तिवारी,चंदन पासवान,शशि रंजन मिश्रा,विमल कुमार, रमण चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

## उप मुखिया संघ की अध्यक्ष चुनी गयी अर्चना कुमारी

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** रविवार को ट्रेनिंग कॉलेज सतबरवा के मैदान में उप मुखिया संघ की बैठक की गई, जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों की उप मुखिया उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से सतबरवा की उप मुखिया अर्चना कुमारी को उप मुखिया संघ की अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष उमेश सिंह और सचिव मुधीर सिंह तथा कोषाध्यक्ष किशुन सिंह को बनाया गया। बैठक के दौरान अपने-अपने पंचायतों की ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुआ। मौके पर कुंती देवी ,सुमन देवी ,सविता देवी, मिथिलेश सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पलामू राज्य का गठन ही पश्चिमांचल वासियों की समस्याओं का निदान है : सत्यार्थी

**सतबरवा/पलामू(आजाद सिपाही)।** पलामू राज्य का गठन झारखंड के पश्चिमांचल वासियों की समस्याओं का एकमात्र निदान और विकल्प है। उक्त बातें पलामू राज्य के गठन की मांग कर रही संस्था पलामू लोक मंच के प्रमुख प्रो. श्यामसुंदर मिस्त्री सत्यार्थी ने कालीचरण कांपलेक्स में आयोजित पीएलएम के मासिक बैठक में कहा। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन से जो उम्मीदें थी झारखंड के पश्चिमांचल के 70 लाख लोगों को इसे झारखंड सरकार ने निराशा में तब्दील कर दिया है और पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों पलामू,लातेहार,गढ़वा सहित चतरा के लोगों को घोर बेरोजगारी और अराजकता की आग में झोंक डाला है। यहां के लोगों के साथ झारखंड सरकार भेदभाव पूर्ण व्यवहार कर रही है। रोजगार देने के बजाय रोजगार छीन रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। वही सतबरवा प्रखंड के लोहरी गांव के ओम प्रकाश पाठक को 2017-18 सत्र में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास सेहरा गांव के जनेश्वर साहब को दे दिया गया।

## भारत जोड़ो, देश जोड़ो यात्रा के तहत कांग्रेसियों ने कतरास में निकाला जुलूस



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के भारत जोड़ो, देश जोड़ो कार्यक्रम के तहत रविवार को जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कतरास कतरी नदी किनारे से जुलूस निकालकर कतरास शहर का भ्रमण किया गया। अपने संबोधन में बृजेंद्र सिंह ने कहा कि देश के युवा, मजदूर, किसान, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग के द्योग व बेरोजगारो में भय के माहौल उत्पन्न हो गया है। मोदी सरकार इसी का लाभ उठा रही है। इससे पूर्व सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कतरास नदी किनारे सूर्य मंदिर से पदयात्रा करते पूरे कतरास बजार का भ्रमण किया और कतरास थाना चौक पर नुक्कड सभा के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ। **देश में संविधान की जगह चल रही मोदी सरकार की मर्जी :** बृजेंद्र बृजेंद्र सिंह ने कहा कि देश का संविधान खतरे में है। इसकी जगह मोदी सरकार की मर्जी चल रही है। देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ रहा है। इन सब पर रोक लगाने के लिए ही भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में रोजगार चरम पर है। गरीबों के खाने के सामान महंगे हो गये हैं। राहुल गांधी ने देश को भयमुक्त समाज देने, मंहगाई और बेरोगगारी से उबारने का संकल्प लिया है। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष रवीन्द्र वर्मा, रंधिर ठाकुर, अशोक लाल, शकील अहमद, मो सौकत, प्रदीप पाण्डेय, माला झा, सुरेश लाल, अरविंद भारती, तरूण राठौर, चंदन कुमार चावडा, अरूण पासवान, दीपक कुमार आदि शामिल थे।

## पुपुनकी गांव में हुआ लाठी खेल का आयोजन

**चास (आजाद सिपाही)।** अंजुमन पसवाने मिल्लत कमेटी की ओर से रविवार को लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर चार टीमों ने भाग लिया और लाठी खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य अनिता रजवार नें किया। खेल की समाप्ति के बाद सभी टीम व खिलाड़ियों को कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंसस शमीमा बीबी, डॉ आलाउद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, छोटू अंसारी, अयूब अंसारी, झामुमो नेता अख्तर अंसारी आदि थे।

### बाधित जलापूर्ति को लेकर फूटा लोगों का आक्रोश, आंदोलन के बाद पुलिस ने की मध्यस्थता

# काम पर लौटे पंप ऑपरेटर मैथन में शुरू हुई जलापूर्ति

- वापस लिये गये हटाये गये 19 पंप व वॉल्व ऑपरेटर
- 26 दिनों के काम के बदले मिलेगा 8500 पारिश्रमिक

ग्रामीणों के आंदोलन के बाद 72 घंटे बाद शुरू हुई जलापूर्ति,

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** डीवीसी मैथन के संवेदक एवं पंप-वाल्व ऑपरेटर के बीच उत्पन्न विवाद के चलते 72 घंटे से डीवीसी के आवासीय परिसरों एवं परियोजना से सटे ग्रामों में बाधित जलापूर्ति को लेकर रविवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों आवासीय परिसर निवासी व ग्रामीणों (महिला-पुरुष) ने क्षेत्र संख्या तीन स्थित हाई लेवेल पंप हाउस के मुख्य द्वार का घेराव करते हुए तीन नंबर जाने वाले रास्ते को भी दोनों तरफ से जाम कर दिया। वहीं डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लोगों का कहना था कि डीवीसी के इतने वर्षों के इतिहास में ऐसी स्थिति कभी उत्पन्न नहीं हुई। लोग तीन दिनों से पानी की समस्या से परेशान हैं और डीवीसी प्रबंधन समस्या के निराकरण को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं कर रहा है। टैंकर की सहायता से लोगों को पानी उपलब्ध करा रहा है जो ऊंट के मुंह में जीरा का फोरन की तरह साबित हो रहा है।



पंप हाउस का घेराव करते लोगों को समझाती पुलिस।

### ओपी प्रभारी के पहल पर हुई वार्ता

उधर, लोगों के आक्रोश को देखते हुए किसी ने इसकी सूचना मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस को दे दी। सूचना पाते ही ओपी प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और वल्तु स्थिति से अवगत हुए। इसके बाद काम से बिठाए गए 19 पंप एवं वाल्व ऑपरेटरों और ठेकेदार को मौके पर बुलाया गया। समस्या के समाधान को लेकर दोनों पक्षों की वार्ता कराई। जिसमें इस बात पर सहमति बनी कि काम से हटाए गए 19 पंप एवं वाल्व ऑपरेटरों को वापस काम पर रखा जायेगा। साथ ही 26 दिनों के काम के बदले ठेकेदार बतौर पारिश्रमिक 8500 रुपये का भुगतान भी करेगा। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ और सभी पंप- वाल्व ऑपरेटर वापस काम पर लौट गए। पेयजलापूर्ति को सुचारू करने में जुट गए। खबर है कि एक-एक एरिया वाइज पानी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। साथ ही उम्मीद जताई की रात तक पेयजलापूर्ति पूर्ण रूप से सुचारू हो जाने की संभावना है। वार्ता में मैथन के सांसद प्रतिनिधि रविंद्र साहनी, भाजपा नेता कल्याण सिंह, अमरनाथ साव, दीनबंधु महतों, रवि श्रीवास्तव, संवेदक एवं सभी पंप-वाल्व ऑपरेटर आदि थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बुद्ध नारायण यादव जिलाध्यक्ष और रामजीत यादव महानगर अध्यक्ष चयनित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिला राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी हातिम अंसारी और सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी तारापदो धीवर की ओर से सेक्टर 9 के अंबिका विवाह मंडप में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद का चुनाव करवाया गया। जिसमें बुद्ध नारायण यादव सर्वसम्मति से आठवीं बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने गए। जबकि महानगर अध्यक्ष पद के लिए दो आवेदन आए जिसमें रामजीत यादव और पंकज कुमार ने नामांकन किया। जिसकी जांच करने के उपरांत पंकज कुमार का नामांकन रद्द हो गया। क्योंकि वह प्रदेश कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने आवेदन में संलग्न नहीं किए थे। इस आधार पर रामजीत यादव को दोबारा महानगर अध्यक्ष चुन लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी हातिम अंसारी ने कहा कि हमें विश्वास है कि बुद्ध नारायण यादव और रामजीत यादव के नेतृत्व में बोकारो संगठन सशक्त और धारदार होगा। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की नीतियों-सिद्धांतों को सुदूर क्षेत्र में घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।

## धारी विकास मंच ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, विधायक पूर्णिमा ने किया उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गांधी सेवा सदन में रविवार को धारी विकास मंच की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार धारी एवं संचालन सुजीत कुमार सांवरिया ने किया। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए हर संभव समाज के लोगों की मदद करने का भरोसा दिया। साथ ही समाज के 32 बच्चों को सम्मानित किया। वहीं, प्रमोद कुमार ने बाबा साहब का दिये तीनों मंत्र को आत्मसात कर विकास करने की बात कही। कहा कि शिक्षा जैसे अस्त्र से ही समाज आगे बढ़ेगा। इस मौके पर अरुण कुमार धारी, अजय कुमार, गुड्डू धारी, श्रवण, सुरेंद्र, मनोज कुमार, रामनंदन, बिहार से ललन कुमार, उपेंद्र व भरत धारी थे।

## कतरास में इस बार 200 फीट की चौड़ाई में बन रहा नेपाल का जानकी मंदिर होगा आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता





**कतरास।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाईस्कूल मैदान की ओर से शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा 2022 हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर रविवार को प्रेस वार्ता कर दुर्गा पूजा समिति के सचिव मुकेश भट्ट ने विस्तृत जानकारी दी। बताया कि यह पूजा वर्ष 2001 में काफी छोटे स्तर से शुरूआत हुई थी, लेकिन आज पूजा का बजट लगभग 18 लाख रुपये है। इस बार जो पूजा पंडाल बन रहा है वह पूरे जिले में सबसे बड़ा है। जिसमें नेपाल के जानकी मंदिर का प्रतिरूप बनाया जा रहा है। इस बार जीएनएम का पंडाल पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र रहेगा। पूजा पंडाल का कार्य चिरकुंडा के महावीर डेकोरेटर की ओर से बनाया जा रहा है। 25 मिस्त्री काम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। इसके साथ ही लाइटिंग का काम आर सी लाइट एंड साउंड बाघमारा को दिया गया है। अंदर के मूर्ति का दृश्य दुगार्पुर के मशहूर चित्रकार तपन पाल द्वारा केदारनाथ मंदिर का दृश्य अपने चित्रकारी के माध्यम से दर्शाने का काम करेंगे। इसके साथ ही इस बार आकर्षण का मुख्य केंद्र में सप्तमी के दिन कलश यात्रा के लिए नव पत्रिका जल यात्रा रहेगा, जिसमें सभी माताएं-बहने एवं पूजा समिति के सदस्य एक ही वेशभूषा और पगड़ी में रहेंगे। इस मौके पर मुख्य संयोजक सरोज विश्वकर्मा, अध्यक्ष शंकर जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद रजक, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज राय, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक शर्मा, सहसंयोजक पंकज सिन्हा, कोषाध्यक्ष राहुल रजक, वरिय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष पिंटु दे, संदीप जयसवाल, गणेश मोदक, अमित रजक, प्रकाश रजक, कुलदीप सिंह, गोपाल बोस, रामजी हजारी, चितरंजन कुमार, राजेंद्र ठाकुर, सचिन मोदक, राजा गुप्ता, प्रदीप सिन्हा, शिवम दसौंधी, अमन जयसवाल, निखिल राय, ऋषभ रजक, सुनील यादव, करण रवानी, जीत कुमार, विवेक ठाकुर, शेखर प्रमाणिक, भोला मोदक, अप्पू साहू, बबलू शर्मा, भीम महतो, राजू महतो, दीपू महतो, रजत मोदक, रोनित मोदक, नीतीश जायसवाल व विशाल जयसवाल आदि मौजूद थे।

## आजादी के 75 साल बाद भी सड़क के लिए तरस रहे बेंगाहारा के लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड के बरईकलां पंचायत का बेंगाहारा मुहल्ला आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से बंचित है। इस टोले में करीब 25 परिवार के 150 से भी ज्यादा सदस्य रहते हे। पर इनका जीवन एक कैदी के समान बीत रहा है। इस टोले में लोगों को सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी मुअस्सर नहीं है। लोगों का कहना है कि यहां सांसद, विधायक के अलावे पंचायत प्रतिनिधि सिर्फ वोट मांगने ही आते हैं। तब बड़ी-बड़ी बातें की जाती है। पर चुनाव जीत जाने के बाद कोई पलट कर भी नहीं देखता। पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के बाद रास्ते पर चलना मुश्किल हो गया है। पूरे टोले का रास्ता कीचड़ से भर चुका है। स्थानीय वार्ड के सहयोग से कई बार गांव में सड़क बनाने को लेकर पहल एवं बैठक की जा चुकी है। मगर अभी तक बेंगाहारा वासियों को सड़क नसीब नहीं हुआ है। चाहे खेती बारी हो या व्यपार, आज भी यहां के लोग पगडंडियों के रास्ते चलकर अपना काम करने को मजबूर हैं। पिछले ग्राम सभा की बैठक और पंचायत के कार्यकारिणी में सड़क को लेकर चर्चा हुई थी। पर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा इसपर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ग्रामीणों को अभी भी उम्मीद है कि वाले दिनों पंचायत के प्रतिनिधि इस पर ध्यान दे कर सड़क निर्माण को पूरा कराएंगे। इस मौके पर रतन महतो, सूरज नाथ महतो, बाबूलाल महतो, अरविंद महतो, जयप्रकाश महतो, राजू कुमार महतो, यमुना देवी, ममता कुमारी, रिंकी कुमारी, नेपाल महतो, छोटी कुमारी आदि ने समस्याओं से अवगत कराया।

## जेइइ एडवांस में बोकारो चिन्मय विद्यालय के 21 छात्र-छात्राएं सफल





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जेइइ एडवांस 2022 की परीक्षा में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। समाचार लिखे जाने तक इस विद्यालय के 21 छात्रों के सफल होनें की सूचना है जिसमें शिवानी मिश्रा को शिआरएल 3847 (ई डब्ल्यू एस 445) वां स्थान मिला है, जबकि मोहित गुप्ता को 4474 वां स्थान, अभिनव कुमार को 7260 वां एवं मयंक कुमार को 8481 वां (एससी 210) स्थान प्राप्त हुआ है। जेइइ एडवांस के परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोरोना के संक्रमण काल में नियमित अध्ययन बाधित होने के बावजूद यह सफलता उल्लेखनीय एवं सराहनीय है । इस उपलब्धि के लिए उन्होंने विद्यालय के शिक्षको को भी हार्दिक बधाई दी।

## झारखंड वासियों के हित में काम कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन: योगेंद्र प्रसाद



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ओबीसी आरक्षण को 27 फीसदी से घटाकर 14 फीसदी करने वाले आज पुनः 27 फीसदी की मांग कर रहे हैं। स्थानीयता का कट ऑफ डेट 1985 करने वाले 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति की मांग कर रहे हैं। उक्त बातें राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह गोमियां के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने कही। वे रविवार को कसमार प्रखंड में शहीद कैलाश रजवार की 41 वां शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडी जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। बहुत जल्द ही खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण एवं जातिगत जनगणना पर निर्णय लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो नेतृत्व की सरकार बनने के बाद से ही भाजपाई सरकार गिराने की बात कर रहे हैं। सरकार को अस्थिर करने में लगे हैं। संवैधानिक पद में रहने वाले महामहिम राज्यपाल भी इनके इशारे पर चुनाव आयोग की चिट्ठी को सार्वजनिक नहीं कर भाजपा को खरीद-फरोख्त, जोड़-तोड़ का समय दे रहे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक लंबोदर महतो पर भी तीखा हमला बोला। कहा कि खूद को कसमार का बेटा, घारेक बेटा कहकर कसमार के लोगों को बरगलाने वाले अब कसमार को छोड़कर रांची में वातानुकूलित घर में रहने लगे हैं। विधायक मद की करोड़ों रुपये लागत की पुस्तकें विद्यालयों में दे दी गई। पर किसी छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए नहीं दिया गया। वहीं, जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि झामुमो संघर्ष और बलिदान से उपजी हुई पार्टी है। जो झारखंडियों के सुख-दुःख को समझती है। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, संचालक सोहेल अंसारी व जयनारायण महतो, जिप सदस्य अशोक मुर्मू आदि उपस्थित थे.

### बीसीसीएल के जेलगोड़ा में संपन्न हुआ राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का 33वां दो दिवसीय महाअधिवेशन

# कोयला उद्योग व मजदूरों को बचाने के लिए सबल नेतृत्व की जरूरत : ललन चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/जोड़ापोखर।** राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का 33 वां दो दिवसीय महाधिवेशन बीसीसीएल के जेलगोड़ा अतिथि गृह में रविवार को संपन्न हुआ। इस दौरान मजदूर हित के लिए 17 प्रस्ताव पारित किया गया है। वहीं सर्वसम्मति से डॉ जी संजीवा रेड्डी को अध्यक्ष, एलएन भट्टाचार्य कार्यकारी अध्यक्ष व ललन चौबे महामंत्री के रूप में मनोनीत हुए। हालांकि इस दौरान डॉ संजीव रेड्डी उपस्थित नहीं थे। महाधिवेशन में देश के विभिन्न कोयला कंपनियों सीसीएल, एनसीएल, इसीएल, डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल, एमसीएल, बीसीसीएल, सेल और टिस्को आदि के करीब 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम से पूर्व फेडरेशन के दिवंगत नेता अजबलाल शर्मा, पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह आदि के निधन पर श्रद्धांजली अर्पित की गई। साथ ही दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




महाअधिवेशन में मंच पर उपस्थित पदाधिकारी।

### महाधिवेशन में पारित किए गए 17 प्रस्ताव

महाधिवेशन में पारित 17 सूत्री प्रस्ताव में राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 अविलंब संपन्न कराये जाने, इंटक प्रतिनिधियों को समझौता से बाहर रखकर मजदूर विरोधी निर्णय लेने की साजिश को बंद करने, आसमान छू रही मंहगाई को देखते हुए कम से कम 35 फीसदी मिनिमम गारंटी बेनीफिट देने, आउट्सोर्स ठिकेदारों के अधीन कार्य करने वाले मजदूरों को चिकित्सा, शिक्षा, समाजिक सुरक्षा आदि प्रदान करने, कोल इंडिया में विनिवेश को बंद करने और खेतिहर व असंगठित मजदूरों को समाजिक सुरक्षा प्रदान करने आदि प्रस्ताव शामिल है। इस अवसर पर महाधिवेशन को सर्वश्री एलएन भट्टाचार्य, ललन चौबे, केबी सिंह, सुरेश चंद्र झा, सुशांतो सन्तरा, पीएन दूबे, मनोजित भट्टाचार्य, आरएस तिवारी, रामाकांत चौबे, आनन्द द्विवेदी, अजय शंकर श्रीवास्तव, राम लालू साकेत, शंकर राम गुप्ता, मुख्तार खान, बिरेंद्र कुमार भोक्ता, शशांक शेखर चटर्जी, शिशेंदु मंडल, अशेष मंडल, मिथुन हरिजन, उत्तम प्रधान, धर्मेंद्र सिंह, गौतम कुमार देव, बालकेश्वर सिंह, फैयाज अहमद, राजेंद्र महतो, दिलीप तुरी, मो सैयद, प्रदीप ठकुर, गौतम कुमार देव, तपन पांडेय, मो इबरार, गोपाल पांडेय आदि ने संबोधित करते हुए मजदूर हित में अपना बहुमुल्य सुझाव दिया। साथ ही नये कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। उपस्थित सभी जनरल काउंसिल के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि वर्त्तमान समय में कोयला उद्योग एवं इसके मजदूरों को बचाने के लिए सबल नेतृत्व की आवश्यकता है। इसलिए हमलोग इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी को इंडियन नेशनल माईन वर्कस फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में चुनते हैं। इसके अतिरिक्त वरीय उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त महामंत्री, सचिव, संगठन सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यसमिति के सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिससे संबंधित पत्र कोल इंडिया सहित सभी संबंधित इकाइयों को भेज दिया गया है।

## डीवीसी ऑफिसर्स क्लब में मनाया गया लायंस क्लब ऑफ बोकारो थर्मल शाखा का 33 वां स्थापना दिवस

आजा सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** लायंस क्लब ऑफ बोकारो थर्मल शाखा का 33 वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार की रात डीवीसी ऑफिसर्स क्लब बोकारो थर्मल में मनाया गया। जिसका शुभारंभ क्लब के 322ए जिला पाल विवेक चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ बोकारो थर्मल शाखा का स्थापना 10 सितंबर 1990 को हुआ था। क्लब की ओर से बोकारो थर्मल में अनेकों सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं. अभी तक लगभग 50 हजार पौधा रोपण के साथ ही रक्तदान शिविर, मधुमेह व रक्तचाप शिविर, नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अलावे जरूरत मंद गरीबों की सेवा में सदैव क्लब के सदस्य तत्पर रहते हैं। उन्होंने बोकारो थर्मल शाखा के सबसे पुराने आजीवन सदस्य योगेंद्र गिरी को क्लब का रीढ़ बताया। साथ ही कहा कि लायंस क्लब के 95 शाखाएं हैं जिसमें लगभग 24 हजार सदस्य हैं। जो सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रेणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने क्लब के पुराने सदस्य योगेंद्र गिरी, विनोद भाटिया को लायंस क्लब का बैच लगाकर सम्मानित किया। इसके अलावे एसके लाल को लायंस क्लब ऑफ बोकारो थर्मल शाखा का अध्यक्ष बनाया गया व शपत दिलायी गयी। इसके अलावे क्लब की ओर से केंद्रीय विद्यालय, कार्मेल स्कूल, कार्मेल उच्च विद्यालय, संत पॉल मॉडर्न स्कूल, डीवीसी जमा दो उच्च विद्यालय सहित कथारा डीएवी स्कूल, स्वांग डीएवी स्कूल एवं गोमिया पिट्स मॉडर्न स्कूल के बच्चों के बीच करवाए गए प्रतियोगिता में सफल हुए छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व जिला पाल राजीव लोचन, केबिनेट सचिव प्रकाश सिंह, रीजनल चेयर पर्सन दिनेश पूड़ी, दीपक उडानी, मदन मोहन, प्रकाश ठक्कर, प्रभाकर जुनेजा, विनोद भाटिया, धर्म सिंह, पीपी श्रीवास्तव, टीएन सिंह, यूके नायर, गणपति पासवान, निलेश इक्का, एसडी सिंह, बोकारो थर्मल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जीपी सिंह आदि थे।



# 370 की बहाली के सपने न देखें कश्मीरी : गुलाम नबी

## यहां के नेता लोगों को गुमराह कर रहे, मैं ऐसा नहीं कर सकता

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** कांग्रेस के पूर्व दिग्गज नेता और जम्मू-कश्मीर के सीएम रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि अब कश्मीर में धारा-370 बहाल नहीं हो सकता। कश्मीरी इसके सपने देखना छोड़ दें। आजाद रविवार को बारामुला में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कश्मीर के स्थानीय नेताओं पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा- कश्मीरी भाई-बहन इन नेताओं की बातों में न आयें। वे कश्मीरियों को अपनी राजनीति के लिए गुमराह कर रहे हैं। आप सभी को पता है कि तब तक संसद में दो-तिहाई सांसद इसके समर्थन में नहीं आते तब तक कश्मीर से धारा-370 हटाना नामुमकिन है। मैं आप लोगों को इसके नाम पर न गुमराह करूंगा और न होने दूंगा।

उन्होंने लोकल पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा- 'नेताओं द्वारा किए गए राजनीतिक शोषण ने कश्मीर में एक लाख लोगों की जान ली है। पांच लाख बच्चों को अनाथ किया है। मैं झूठ और शोषण पर वोट नहीं मांगूंगा। मैं वही बोलूंगा जो हासिल किया जा सकता है, भले ही इससे मुझे चुनाव में नुकसान हो।'

### कांग्रेस पर भी हमला बोला

पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद उन्होंने एक बार फिर पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर एक चुनाव में दिन पर दिन नीचे चली जा रही है। उसके पास धारा-370 को बचाने की शक्ति नहीं बची। इसके अलावा देश में दूसरी कोई पार्टी नहीं बची जो इसे बहाल कर सके। इसलिए धारा-370 के नाम पर गुमराह होने से बचे। हमें वो चीज चुनना चाहिए जो हम पा सकें।

### अपनी पार्टी लॉन्च करेंगे

आजाद ने रैली में अपनी नयी पार्टी की लॉन्चिंग की तारीख का भी ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिन में वो अपनी नयी राजनीतिक पार्टी का ऐलान कर देंगे। आजाद ने कहा कि वे शोषण और झूठ से लड़ने कश्मीर आये हैं। इससे अब नुकसान हो या फायदा उसकी चिंता नहीं करता।

### अनुच्छेद 370 कितना महत्वपूर्ण है?

**आर्टिकल 370 के तहत जम्मू-कश्मीर के पास अपना संविधान, एक अलग झंडा और कानून बनाने की स्वतंत्रता थी। विदेशी मामले, रक्षा और कम्युनिकेशन जैसे मामले केंद्र सरकार के पास थे। इसके लागू रहते जम्मू और कश्मीर की राज्य सरकार स्थायी निवास, संपत्ति के स्वामित्व और मौलिक अधिकारों से जुड़े अपने स्वयं के नियम बनाती थी और राज्य के बाहर के भारतीयों को संपत्ति खरीदने या वहां बसने से रोकती थी।**

# जेइइ एडवांस में किट इंटरनेशनल स्कूल के छात्र देवांशु ने टॉप किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट इंटरनेशनल स्कूल (किट-आइएस) के देवांशु मालू ने ऑल इंडिया रैंक 11 के साथ जेइइ एडवांस में ओडिशा टॉपर बनकर अपने अल्मा मेटर को गौरवान्वित किया है, जिसके परिणाम रविवार को घोषित किये गये। उन्होंने इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में भी गोल्ड मेडल हासिल किया।

देवांशु के अलावा किट इंटरनेशनल स्कूल के कनिष्क मोदी और दीप्तांशु मालू ने जेईई-एडवांस में ऑल इंडिया रैंक 200 और 226 हासिल की है। इसी तरह विद्याधर साहू ने नीट में 762 ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।

किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने टॉपर को बधाई देते हुए कहा कि यह वास्तव में हम सभी के लिए खुशी का दिन है क्योंकि देवांशु की उपलब्धि ने न केवल स्कूल को बल्कि राज्य को भी गौरवान्वित किया है।

# समरकंद दौरे पर जायेंगे पीएम मोदी

**कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15-16 सितंबर को समरकंद, (उज्बेकिस्तान) का दौरा करेंगे। इस दौरान वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 22वीं बैठक में भाग लेंगे। पीएम मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर समरकंद जायेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं से पिछले 2 दशकों में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करने और राज्य और बहुपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने की उम्मीद है। इस दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के सामयिक मुद्दे भी बात हो सकती है। शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

इस बार के एससीओ सम्मेलन का एजेंडा क्षेत्रीय शांति, महिला सशक्तीकरण, गरीबी उन्मूलन और खाद्य सुरक्षा है। हालांकि, एजेंडे के इतर मोदी-जिनपिंग और मोदी-शाहबाज की मुलाकात के कयास लगाये जा रहे हैं।

### एससीओ की बैठक में मिलेंगे मोदी-जिनपिंग?

बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भाग लेने की उम्मीद है। कयास लगाये जा रहे हैं कि दोनों नेताओं की यहां मुलाकात हो सकती है। हालांकि, दोनों ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इसके अलावा पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ से संभावित मुलाकात को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि इसकी उम्मीद कम ही है।

# क्वीन की अंतिम यात्रा शुरू



**वेस्टमिंस्टर हॉल में लोग कर सकेंगे दर्शन**

**19 सितंबर को राजकीय अंतिम संस्कार होगा**

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन की रानी की अंतिम यात्रा रविवार को शुरू हो गयी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 19 सितंबर को होगा। क्वीन के ताबूत को बाल्मोरल से एडिनबर्ग ले जाया जा रहा है। 6 घंटे की इस यात्रा की शुरुआत सादगी से हुई। चार दिन बाद ये लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में जाकर भव्य राजकीय अंतिम संस्कार पर खत्म होगी। आखिरी बार ब्रिटेन में 1965 में सर विंस्टन चर्चिल का राजकीय अंतिम संस्कार किया गया था।

एडिनबर्ग के सेंट जाइल्स चर्च में क्वीन के ताबूत को रखा जायेगा। यहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। इसके बाद लंदन में वेस्टमिंस्टर हॉल में पूरे चार दिनों लोग उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देंगे।

किंग चार्ल्स भी इस दौरान कई कार्यक्रमों में रहेंगे। स्कॉटलैंड में अपनी मां के शोक यात्रा में भाग लेने के साथ वह उत्तरी आयरलैंड और वेल्स में राजनीतिक और नागरिक नेताओं से मिलने भी जायेंगे।


प्रिंस चार्ल्स शनिवार को आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन के नए सम्राट बन गये हैं। सेंट जेम्स पैलेस में प्रिवी काउंसिल की बैठक में इसका ऐलान किया गया। अब उन्हें किंग चार्ल्स-III कह कर बुलाया जायेगा। चार्ल्स को अपने पिता की उपाधि ड्यूक ऑफ कॉर्नवाल विरासत में मिली है। ऐसे में उनकी पत्नी कैमिला, अब डचेस ऑफ कॉर्नवाल कहलायेंगी।

प्रिवी काउंसिल में वरिष्ठ सांसद, सीनियर सिविल सर्वेंट्स, कॉमनवेल्थ हाई कमिश्नर और लंदन के लॉर्ड मेयर शामिल होते हैं। सामान्य तौर पर 700 से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं, लेकिन इस बार इतनी संख्या की गुंजाइश नहीं दिखी, क्योंकि शॉर्ट नोटिस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्रिटेन के मौजूदा और पूर्व नेताओं ने कार्यक्रम शिरकत की। इसमें 6 पूर्व प्रधानमंत्री भी थे।

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कांचीपुरम का 10वां दीक्षांत समारोह

# सिलिकॉन वैली में सभी स्टार्टअप के लगभग 25 फीसद को चलाते हैं भारतीय मूल के लोग : निर्मला सीतारमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कांचीपुरम के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश की उच्च शिक्षा ने वैश्विक स्तर पर बेहतरीन अधिकारियों देने में योगदान दिया है। सिलिकॉन वैली में सभी स्टार्ट-अप के लगभग 25 फीसद को 'भारतीय मूल के लोग' प्रबंधित करते हैं। एएनआइ ने निर्मला सीतारमण के बयान के हवाले से कहा- मैं इस तथ्य को रेखांकित करना चाहती हूं कि यह भारत की उच्च शिक्षा है, जिसने दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी दिये हैं। वैश्विक स्तर पर 58 शीर्ष कंपनी के सीइओ भारतीय मूल और भारत से शिक्षित हैं। 11 बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भारतीय मूल के शीर्ष अधिकारी हैं। इन कंपनियों का सामूहिक राजस्व एक ट्रिलियन है। इनका टर्नओवर चार ट्रिलियन से अधिक है।

भारत की स्टार्टअप सफलता पर अपनी बात रखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने छात्रों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में अब 100 यूनिकार्न हैं, जिनका बाजार मूल्य 250 अरब अमेरिकी डॉलर है। इन यूनिकार्न ने सामूहिक रूप से बाजार से 63 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाये हैं। मैं आप में से उन लोगों के लिए हूं, जो उद्यमी बनना चाहते हैं और दूसरों के लिए रोजगार के मौके प्रदान करना चाहते हैं। आप सभी के लिए यह संभव है कि आप उद्यमी बनें।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने संस्थान के सभागार की आधारशिला रखी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आइओटी और रोबोटिक्स के केंद्र का उद्घाटन भी किया। मालूम हो कि साल 2007 में स्थापित इस संस्थान उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कोर्सेज के संचालन में सबसे आगे रहा है। संस्थान की ओर से चलाये जाने वाले कुछ कार्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विशेषज्ञता के साथ कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग में बीटेक, डेटा साइंस और एआइ में विशेषज्ञता के साथ सीएसइ में एमटेक शामिल है।

प्रभात कंम्प्यूटर® एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

DR. SWATI'S CLINIC
Dental & Health Care
RCT IMPLANT FIXED TEETH
COMPLETE DENTURE ORTHODONTIC TREATMENT
FOR APPOINTMENT CALL
7857930138 / 8235075755
Dr. Swati Prabhat
Dental Surgeon
Laxmi Tower, H.B. Road, Near Sadhu Maidan, Ranchi

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

जय माँ गगरा
ज्योतिष केन्द्र
ज्योतिषाचार्य
सुनील कु० सिंह (ज्योतिष श्री)
(C.A.S.A.R.) ESTD - 1993
अन्तराष्ट्रीय सलाहकार J.K.K. & R. Com - Eng
(माँ दुर्गा के उपासक)
9835176750
7250817328
7979970411
• हस्तरेखा, कुण्डली, शिक्षा समस्या, भूमीदोष समस्या, ग्रहदोष समस्या, कैरियर, वास्तुदोष, विवाह बाधा, के निवारण हेतु।
• हस्तरेखा द्वारा जन्मतिथि एवं समय का निर्धारण कर कुन्डली का निर्माण किया जाता है।
Office (कार्यालय)
Silver Kunj Appt. Eg ground Floor, Road No. - 6, Patel Nagar, Hatia
8:00 AM to 10:00 AM
Dhurwa : Q.No. B III 579 Opposite Near Dhurwa Bus Stand Dhurwa Ranchi, Jharkhand
10:30 AM to 02:00 PM
Mob. 9835176750,7250817328,7979970411, Email : sunilkr579@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP • BUS & HOSTEL FACILITY • CAMPUS PLACEMENT • WELL EQUIPPED LAB • ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
• Diploma in Operation Theater
• DMLT • Dresser
URGENT REQUIREMENT
• B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
• D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
• B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**